

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 14 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-340 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## हारों का शतक लगाएगी कांग्रेस : मोदी

**नई दिल्ली,14 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश उन्हें उनके अतीत के कार्यों का दंड दे रहा है और वे लगातार हार का शतक लगाने की ओर अग्रसर हैं तथा देश के विरुद्ध आक्रामक रुख अपना रहे हैं। शिलांग-सिलचर कॉरिडोर के भूमि पूजन के बाद सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस को असम से सत्ता से बेदखल कर दिया। आज देश का हर राज्य कांग्रेस को सबक सिखा रहा है। कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। निकट भविष्य में कांग्रेस लगातार हार का शतक लगाने की ओर अग्रसर है। हार की हताशा से प्रेरित होकर कांग्रेस ने स्वयं देश के विरुद्ध आक्रामक रुख अपना लिया है।

पिछले महीने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा किए गए कमीज रहित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन को बदनाम करने के प्रयास में कांग्रेस ने एक विचित्र विरोध प्रदर्शन किया - सार्वजनिक रूप से अपने कपड़े फाड़ दिए। ऐसा लगता है कि अब कांग्रेस के पास हताशा में अपने कपड़े फाड़ने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि पूरे देश ने इस विरोध प्रदर्शन की निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी



ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के मौजूदा राजनीतिक माहौल की तुलना पिछली सरकार के कार्यकाल से करते हुए कांग्रेस पर असम के युवाओं को हिंसा और आतंकवाद के दुष्चक्र में फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम को 'बांटो और राज करो' की नीति की प्रयोगशाला बना दिया था। आज असम के युवाओं के सामने अवसरों का खुला आसमान है। स्वतंत्रता के बाद दशकों तक पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को देश की मुख्यधारा से दूर रखा गया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्वोत्तर को उसके हाल पर छोड़ दिया था। जब देश को आजादी मिली, तो कांग्रेस ने सीमा निर्धारण इस तरह से होने दिया कि बराक घाटी का समुद्र से महत्वपूर्ण संपर्क पूरी तरह से टूट गया।

बराक घाटी, जो कभी एक प्रमुख व्यापार मार्ग और औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध थी, अपनी मूल शक्ति से वंचित हो गई। आजादी के बाद भी, दशकों तक कांग्रेस सरकारें सत्ता में रहीं; फिर भी, बराक घाटी के विकास को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

शिलांग-सिलचर कॉरिडोर के शिलान्यास समारोह की लागत 24,000 करोड़ रुपये बताई गई, इस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि अगर कांग्रेस से पूछा जाए तो वे इसे लिख भी नहीं पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं से ही पूछ लीजिए। उन्हें कलम और कागज दीजिए और 24,000 करोड़ रुपये लिखने को कहिए, वे लिख भी नहीं पाएंगे।

## यूएस समझौता के लिए कृषि को कर रहे कुर्बानः राहुल

**नई दिल्ली,14 मार्च।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से संबंधित उनके सवालों का जवाब देने से बच रही है और अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि की बलि दे रही है। राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लोकसभा में अपने अतारांकित प्रश्नों के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा दिए गए उत्तरों पर असंतोष व्यक्त किया। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछाः 2021 में किसानों से किए गए वैधानिक एमएसपी (जो C2+50% की दर से गणना किया जाता है) के वादे को अभी तक लागू क्यों नहीं किया गया है? सरकार ने सीधे जवाब देने से बचते हुए केवल अपनी मौजूदा एमएसपी नीति को दोहराया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस बंद करने के लिए दबाव डाला – जिसे उसने बिना किसी तार्किक आधार के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर उचित ठहराने की कोशिश की। जब राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि क्या अमेरिका के साथ गैर-व्यापार बाधाओं को कम करने की भारत की प्रतिबद्धता आनुवंशिक रूप से संशोधित



फसलों, एमएसपी और सार्वजनिक खरीद पर भारत की नीतियों को प्रभावित करती है, तो उन्होंने कहा कि सरकार इस सवाल से भी बच निकली और किसानों के प्रति अपने रवैये की आलोचना की। उन्होंने आगे कहा कि एक और महत्वपूर्ण सवाल उठता हैः अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में 'गैर-व्यापार बाधाओं' को कम करने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी व्यवस्था और सरकारी खरीद को कमजोर करने का इरादा है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार न केवल किसानों से किए गए वादों को पूरा करने से इनकार कर रही है, बल्कि वह अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को भी कुर्बान करने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि हम किसानों के अधिकारों की रक्षा और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को सुरक्षित रखने के लिए संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह अपनी आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी इस समझौते को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं और भविष्यवाणी कर रहे हैं कि यह समझौता कृषि क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 7 फरवरी को पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते (अंतरिम समझौता) के लिए एक रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी।

### सोनम वांगचुक जल्द होंगे जेल से रिहा

**श्रीनगर,14 मार्च।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जल्द जेल से रिहा होंगे. गृह मंत्रालय ने उनकी रिहाई के आदेश दे दिये हैं. गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत की जा सके. इस मकसद से और उचित विचार-विमर्श के बाद, सरकार ने सोनम वांगचुक की हिरासत तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है. सरकार ने अपनी प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है. इस फैसले से सोनम वांगचुक को अब तुरंत रिहाई मिल सकती है. गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की है.

### मस्जिद में नमाज़ियों की संख्या सीमित करने का फैसला खारिज

**प्रयागराज,14 मार्च।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में मस्जिद के भीतर नमाज़ पढ़ने वालों की संख्या सीमित करने के उत्तर प्रदेश प्रशासन के फैसले को खारिज कर दिया है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए प्रशासन को कड़ी टिप्पणी के साथ निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि यदि स्थानीय प्रशासन यानी पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं हैं और इसी वजह से नमाज़ियों की संख्या सीमित करना चाहते हैं, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या संभल से बाहर तबादला मांग लेना चाहिए। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राज्य का यह संवैधानिक दायित्व है कि हर समुदाय को अपने निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान करने की अनुमति मिले। अदालत ने यह भी कहा कि यदि संबंधित स्थान निजी संपत्ति है, जैसा कि पहले कोर्ट मान चुका है, तो वहां पूजा-अर्चना के लिए राज्य से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

### मोदी पर विवादित टिप्पणी कांग्रेस नेता विनोद तिवारी यूपी में गिरफ्तार

**नई दिल्ली,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पीसीसी संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी को नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की टीम ने उन्हें उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से हिरासत में लिया। मिली जानकारी के अनुसार, विनोद तिवारी कौशांबी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस की टीम वहां पहुंची और उन्हें हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई 3 फरवरी को सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट से जुड़े मामले में की गई है। सूत्रों के मुताबिक, उक्त पोस्ट को लेकर पहले भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस टीम कौशांबी पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**कितनी डरपोक है यह भाजपा सरकार - भूपेश बघेल-**इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है और मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कितनी डरपोक है यह भाजपा सरकार!! अपने बाबूजी के पिंडदान के लिए संगम गए कांग्रेस नेता विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने फ़रवरी माह के किसी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए गिरफ़्तार कर लिया है.

## खेल अधोसंरचना के विकास से निखर रही प्रदेश की प्रतिभाएं : मुख्यमंत्री

**रायपुर 14 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट और छत्तीसगढ़ की बेटी श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी को टाटा सिएरा कार उपहार स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीमती आकांक्षा को बधाई देते हुए कहा कि हमारी बेटियों ने विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने महिला क्रिकेट टीम के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए टाटा मोटर्स द्वारा कार उपहार देने की इस पहल की सराहना की।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना के निरंतर विकास से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे



हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसे प्रयासों के माध्यम से प्रदेश के सुदूर अंचलों के युवा भी खेलों से जुड़ रहे हैं। वहीं नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी प्रदेश को मिलने से भी राज्य में खेलों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछली मुलाकात के दौरान भी आकांक्षा का आत्मविश्वास और ऊर्जा बेहद प्रेरणादायक थी और आज भी उनमें वही उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही जज्बा भविष्य में होने वाले विश्व कप में भी टीम को सफलता दिलाएगा।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी ने कहा कि विश्व कप जीतकर लौटने के बाद सबसे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया और प्रदेश की बेटी के नाते उन्हें व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक की तरह मुख्यमंत्री का यह स्नेह और प्रोत्साहन हमेशा उनका मनोबल बढ़ाता है। श्रीमती आकांक्षा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री से यह सम्मान प्राप्त कर उनका दिन यादगार बन गया है और यह पल उनके जीवन में हमेशा विशेष रहेगा। उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में टीम में अपनी भूमिका तथा विश्व कप जीत की यात्रा से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, श्रीमती आकांक्षा के परिजन तथा टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों को पुलिस कर्मियों के समान मिलेगा वेतन व अन्य सुविधाएं

**बिलासपुर,14 मार्च ।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नगर सैनिकों और परिवार से जुड़े लोगों को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने समान काम समान वेतन के सिद्धांत को लागू करते हुए नगर सैनिकों को पुलिस कर्मियों के समान वेतन व अन्य सुविधाएं देने का निर्देश छत्तीसगढ़ सरकार को दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार को आदेश का तीन महीने के भीतर परिपालन का निर्देश दिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दायर एसएलपी को खारिज कर दिया है। बता दें, साल 2022 में छत्तीसगढ़ बिलासपुर जिले में कार्यरत होमगार्ड ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर समान काम के एवज में समान वेतनमान देने की मांग की थी। हाई कोर्ट के आदेश का परिपालन ना करने के विरोध में डोमनलाल चंद्राकर व सुरेंद्र कुमार देशमुख ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ न्यायालयीन आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दायर की थी।

## हाइवे किनारे मकान या दुकान की मिलेगी ऑनलाइन अनुमति

**रायपुर,14 मार्च।** राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे मकान और व्यवसाय शुरू करने वालों के लिए राहत भरी खबर है, क्योंकि एनएचएआई ने राजमार्ग प्रवेश पोर्टल का अपग्रेड वर्जन लॉन्च किया है. नए पोर्टल के माध्यम से मकान, पेट्रोल पंप, फूड कोर्ट, रेस्ट एरिया, होटल, ढाबे के एनओसी के लिए कनेक्टिंग रोड के लिए अब एनएचएआई के प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर कार्यालय के चक्कर नहीं काटना पड़ेगा. राजमार्ग प्रवेश पोर्टल अब ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा. इससे आवेदन प्रक्रिया पहले की तुलना में ज्यादा पारदर्शी और तेज हो जाएगी.

**'राजमार्ग प्रवेश' पोर्टल के जरिए किया जा सकेगा आवेदन**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के इस कदम का उद्देश्य हाईवे किनारे सुविधाओं के विकास को बढ़ावा देना और निवेश को आसान बनाना है. एनएचएआई के अफसरों का कहना है कि एक साल में करीब 600 से अधिक आवेदन आते थे. इसके लिए आवेदक को कार्यालय आना पड़ता है. इस पोर्टल के शुरू होने से आवेदकों के समय की बचत होगी. यह पोर्टल आम नागरिकों, निजी कंपनियों और सरकारी विभागों तीनों के लिए उपयोगी है. यदि कोई व्यक्ति या संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे व्यवसाय शुरू करना चाहता है, या किसी तरह का कनेक्शन लेना चाहती है, तो उसे पहले कई विभागों से अलग-अलग अनुमति लेनी पड़ती थी. इसमें काफी समय और मेहनत लगती थी. अब नई व्यवस्था में सभी प्रक्रियाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध होंगी.

आवेदक अपने दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे और आवेदन की स्थिति भी पोर्टल पर ही ट्रैक कर पाएंगे. इससे प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी हो जाएगी.इस पोर्टल से आम लोगों को भी कई तरह से लाभ मिलेगा.

### कथावाचक को मंत्री ने नहीं दिए 15 लाख, आत्मदाह की चेतावनी !

**रायपुर,14 मार्च।** छत्तीसगढ़ में एक कथावाचक और मंत्री के बीच पैसों को लेकर बड़ा विवाद सामने आ गया है। कथावाचक डॉ. रामानुरागी महाराज ने वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि अगर उनके पैसे नहीं मिले तो वे विधानसभा के बाहर आत्मदाह करेंगे। महाराज का आरोप है कि मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे श्रीमद्भागवत कथा करवाई, लेकिन करीब 15 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक अंबिकापुर के लखनपुर गांव में भव्य कथा का आयोजन हुआ था और उन्होंने पूरे कार्यक्रम में कथा वाचन किया था। कथावाचक का कहना है कि जब भी वे पैसे मांगने जाते हैं तो उन्हें टाल दिया जाता है। अब उन्होंने अपना दर्द वीडियो में बताया है, जिसे कांग्रेस नेता धनंजय ठाकुर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो सामने आते ही मामला तेजी से वायरल हो गया और राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई। वहीं मंत्री राजेश अग्रवाल ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है।

## गैस सिलेंडर की किल्लत केवल अफवाह, थोड़ा धैर्य रखें : साव

**रायपुर,14 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसियों में लगी लोगों की कतारों पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और अफवाह के कारण यह स्थिति बनी है. देश में पेट्रोल-गैस का कोई शॉर्टेज नहीं है. लोग थोड़ा धैर्य रखें और अफवाह पर ना जाएं. सरकार कालाबाजारी पर ठोस कार्रवाई कर रही है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार को मीडिया से रू-ब-रू हुए.



इस दौरान उन्होंने जी रामजी जी और अफीम की खेती पर कांग्रेस के विधानसभा के घेराव को लेकर कहा कि कांग्रेस के समय में ही अफीम की खेती शुरू हुई थी. कांग्रेस सरकार में जो नशे का कारोबार हुआ, यह उसी का नतीजा है. मुखबिर से सूचना मिली, उस पर सरकार ने त्वरित और कठोर कार्रवाई की है. किसी को भी नशे का कारोबार करने नहीं दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य में सर्वे के लिए कहा है, जहां गड़बड़ी मिलेगी कठोर कार्रवाई होगी. कांग्रेस इसमें राजनीतिक करने की कोशिश ना करें.

प्रदेश में आज से गौधाम योजना की शुरुआत को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने गौठान की शुरुआत जनता के पैसे को लूटने के लिए किया था. गौ माता की सेवा करना उनकी फितरत में नहीं थी. हमारी सरकार आज से गौधाम योजना शुरू कर रही है. प्रदेश में 1460 गौधाम बनेंगे, जिनमें से 26 को स्वीकृति मिल चुकी है. चरवाहे को मानदेय, पशुओं को चारा, सब व्यवस्था की गई है. यह बहुत सफल योजना होने जा रही है.

**प्रतिवर्ष हो उत्कृष्ट खिलाड़ी और खेल पुरस्कारों की घोषणा**

## खेल प्रतिभाओं के धैर्य की परीक्षा आखिर कब तक?

**✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

बचपन में माता-पिता, अभिभावक, शिक्षक जब बच्चों को खेल मैदानों में लेकर जाते हैं तथा उनमें जो उत्साह नजर आता है वह खेल भावना को मज़बूत करता है । खेलकूद में आगे बढ़ते हुए यही प्रतिभाएं अपने मेहनत के द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करने लगती हैं। इससे खिलाड़ी के जीवन में सफलता के पंख लग जाते हैं फिर क्या प्रशिक्षक, क्या माता-पिता, क्या रिश्तेदार, क्या अभिभावक, क्या स्वयं खिलाड़ी सपने बुनने लगते हैं। देश के लिए खेलना , पदक जीतना फिर आगे चलकर अच्छी नौकरी, बड़ी पुरस्कार राशि, सम्मान, मकान खिलाड़ी की चाहत बन जाती है। बस इसी छुपी चाहत की वजह से कोई भी खेल प्रतिभा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दुनियां के सामने प्रस्तुत करता है। लेकिन दूसरे खेलों के खिलाडिय़ों को चैंपियनशिप जीतने के तुरंत बाद मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित होने वाले प्रतिभागियों का खेल प्रभावित होता जाता है। वास्तव में खेल प्रतिभाओं को उनके द्वारा प्राप्त उपलब्धि से कभी भी वंचित नहीं किया जाना चाहिए। ताज्जुब की बात है कि इस तरह के खेलों के अधिकांश अभिभावक रिक्शाचालक, मेकेनिक, घर की साफ सफाई करने वाले,माली, छोटा राशन दुकान चलाने वाले, दिहाड़ी के आधार पर माल ढोने वाले, निजी दुकानों में काम करने वाले होते हैं। अब बताइये उन बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए छत्तीसगढ़ के इन अभिभावकों ने अपने खेल प्रतिभा सम्पन्न बच्चों के खेल सामग्री, पोशाक, खान-पान के लिए क्या कुछ उपलब्ध नहीं कराया होगा? कई अभिभावकों ने अपना पसीना बहाकर बच्चों की आवश्यकता को पूरा किया होगा.

कुछ ने समाज से मदद ली होगी, कुछ ने पास-पड़ोस से उधारी ली होगी। अब बताइये भला उनके मेहनत का फल उन्हें यही मिला कि जो खेल प्रतिभाएं छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में फैला रही है उन्हें उनके हक से वंचित किया जा रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विश्व खेल मंच पर स्थापित करना चाहते हैं। दूसरी तरफ सुविधाएं, सम्मान के अभाव में छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं घर बैठने को मजबूर हैं। गनीमत है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के खेलो इंडिया मिशन का लाभ छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं को मिल रहा है जिसकी वजह से नई खेल प्रतिभाओं के मैदान में आने का क्रम जारी है। अगर केंद्र सरकार द्वारा यह बहुउद्देशीय योजना खेलो इंडिया मिशन नहीं होता तो संभव है कई अभिभावक अपने दुलारों को खेल मैदान की तरफ देखने से भी मना कर देते। छत्तीसगढ़ सरकार को अपनी खेल नीति को ध्यान में रखते हुए उसके अनुसार त्वरित निर्णय लेना चाहिए और खिलाडिय़ों को 2026 के खेल दिवस 29 अगस्त 2026 के पहले उनका हक सौंप देना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात अधिकांश खेलों में पदक जीतने वाले खिलाडिय़ों के साथ आज भी न्याय नहीं हुआ है। हा, यह सही है कि 2018 से 2023 तक के कांग्रेस सरकार के समय से खेल प्रतिभाओं की जो उपेक्षा शुरू हुई वह भाजपा शासनकाल में कम होती जा रही है। लेकिन पिछले 2017 से उत्कृष्ट खिलाडिय़ों की घोषणा को जिस तरह शासन-प्रशासन द्वारा रोका गया है उससे लगता है खेल विभाग को इसका अनुमान नहीं है कि इसी वजह से प्रदेश के अनेकों खेल प्रतिभाओं ने खेल मैदानों को टाटा, बाय-बाय कह दिया है। क्रिकेट, टेनिस, बैडमिंटन, टेबलटेनिस, तैराकी, साइक्लिंग आदि कुछ ऐसे खेल हैं जिनसे आर्थिक रूप से सम्पन्न खिलाडिय़ों के अभिभावक जुड़े हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ के जिन खिलाडिय़ों ने बास्केटबाल, साफ्टबाल, सायकल पोलो, एथलेटिक्स, व्हालीबाल, मलखंब, योगासन, फुटबाल, भारोत्तोलन, शक्तितोलन आदि खेलों में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है उनकी आर्थिक स्थिति पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाएगा कि ऐसे खेलों के प्रतिभाओं को राज्य शासन या निजी संस्थानों ने क्या मदद की है?अतः समय ठोस निर्णय लेने का है ताकि 2036 के ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के दल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी शामिल हो .

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधुनिक तकनीक का उपयोग

**रायपुर,14 मार्च।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, परिचालन की सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा रेलवे विद्युत अवसंरचना की निगरानी और रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से युक्त ड्रोन तकनीक का उपयोग प्रारंभ किया गया है। रायपुर मंडल के विद्युत (टीआरडी) विभाग द्वारा ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) संरचनाओं के निरीक्षण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तैनात किए गए हैं। इस तकनीक के माध्यम से ऊँचाई से ओएचई संरचनाओं, फिटिंग्स तथा अन्य विद्युत अवसंरचनाओं का विस्तृत और सूक्ष्म निरीक्षण किया जा रहा है। ड्रोन द्वारा ऐसे कई स्थानों की निगरानी संभव हो पा रही है, जहाँ पारंपरिक मैनुअल निरीक्षण कठिन होता है या जहाँ छोटे तकनीकी दोषों का पता लगाना चुनौतीपूर्ण होता है। ड्रोन से प्राप्त उच्च-गुणवत्ता वाले चित्रों और वीडियो का विश्लेषण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स की सहायता से किया जा रहा है।

# पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय वृद्धि की मांग को सदन में उठाने पर सरपंच संघ ने विधायक का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,14 मार्च।** जिला पंचायत , जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने को लेकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में बात रखी । पंडरिया सरपंच संघ अध्यक्ष ललित चंद्रवंशी , पूर्व सरपंच संघ एब अध्यक्ष पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने विधायक भावना बोहरा दीदी का आभार व्यक्त किया । सरपंच संघ अध्यक्ष ललित चंद्रवंशी ओर पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने बताया की जनप्रतिनिधियों के सम्मान और अधिकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी ने विधानसभा में महत्वपूर्ण पहल की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की चर्चा के दौरान उन्होंने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष व सदस्यों तथा ग्राम पंचायतों के सरपंचों के वेतन वृद्धि की मांग को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि वास्तव में सरकार और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। इसलिए उनके कार्यों और जिम्मेदारियों को देखते हुए उनके मानदेय में वृद्धि किया जाना आवश्यक है, ताकि वे और अधिक उत्साह, सम्मान और आत्मसम्मान के साथ जनता की सेवा कर सकें।

# अवैध पनीर फैक्ट्री के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, ताला लगाने की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 मार्च।** पुलगांव थाना के अंजोरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमरा अंजोरा में संचालित कथित अवैध पनीर फैक्ट्री के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बल्का एग्रीकल्चर एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड के संचालक रचना जैन और नावेद खान द्वारा नेहरू नगर के पते से कंपनी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया गया है, जबकि ग्राम महमरा में अवैध रूप से पनीर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले को लेकर माननीय मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर को कई बार आवेदन देकर शिकायत की जा चुकी है। शिकायत के बाद संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा एसडीएम को अवैध पनीर फैक्ट्री पर कार्रवाई करने के लिए पत्राचार भी किया गया है। बताया गया है कि फैक्ट्री संचालकों द्वारा पर्यावरण विभाग से एनओसी भी प्राप्त नहीं की गई है। इस संबंध में बिजली विभाग को भी तत्काल कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो वे फैक्ट्री में ताला लगाकर उसे बंद कराने के लिए मजबूर होंगे।

## एक नजर

### पुलिस ने दबिश देकर 60 टन का कबाड़ जब्त किया



**भिलाई, 14 मार्च (तछसं.)।** लंबे समय से कबाड का कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा था। पुलिस ने दबिश देकर 60 टन का कबाड़ जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना जामुल, कुम्हारी, सुपेला में कार्रवाई की गई है। सिर्फ जामुल में ही करीब 40 टन लोहे का स्क्रैप, तांबा, गैस कटर सेट कई वाहन जप्त किए गए है। जामुल में संचालित परिसर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से लोहे के कबाड़ संग्रहण एवं कटिंग कर बेचने की सूचना मिली। पुलिस टीम दबिश देने पहुंची जहां से बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप, पाइप, चैनल, दरवाजे, रॉड, भारी लोहे के कल-पुर्जे और 200 किलो ग्राम तांबा, गैस कटर सेट, गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। मौके पर से उक्त स्क्रैप को लेक वैद्य खरीद-फरोख्त के दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। मगर वैद्य दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। इस दौरान पुलिस ने संपत्तियों को जब्त किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर संचालित कबाड़खानों में भी पुलिस टीम पहुंची थी। जहां से लोहे का स्क्रैप, पुराने दो पहिया वाहन, अन्य धातु सामग्री नौ आरोपी पुलिस गिरफ्त में आए बरामद हुई पुलिस ने आर्य नगर कोहका सुपेला निवासी हीरामन साहू, कोहका रोड सुपेला राकेश मिश्रा, कैलाश नगर कुम्हारी समरुद्दीन, दक्षिण गंगोत्री सुपेला श्रीमती राधिका साहू, सितारे उर्फ मोहम्मद इमरान, महात्मा गांधी नगर पावर हाउस रोड भिलाई मनोज उर्फ मन्नू गुप्ता, कृष्ण नगर सुपेला श्रवण कुमार देवांगन, सेक्टर गुरुद्वारा के पास सुपेलाअजमत हुसैन लोहार पारा धीरज चंद्राकर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने किया जब्त, जांच जारी आरोपियों से लोहे का 60 टन लोहे का स्क्रैप, 200 किलोग्राम तांबा, ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएच 2242, ट्रक सीजी 04 जेबी 4393, ट्रक सीजी 04 जेडजी 5615, छोटा हाथी सीजी 07 सीयू 8086, छोटा हाथी सीजी 07 जीजे 9056, छोटा हाथी सीजी 07 बीजे 2613 वाहनों को जब्त किया गया है। लोहे का स्क्रैप की कीमत करीब 18 लाख रुपये, कई ट्रक, छोटा हाथी वाहन, पुराने दो पहिया वाहन, धातु कटिंग उपकरण जप्त किए गए है।

### जोन-5 के नए आयुक्त ने किया क्षेत्र का निरीक्षण



**भिलाई, 14 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-5 के नए आयुक्त अजय गौर ने जोन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टेनिस कोर्ट, पाथवे एवं वाटर एटीएम का अवलोकन करते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अजय गौर ने सेक्टर-5 सड़क-×2 में बने टेनिस कोर्ट का निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद जगन्नाथ मंदिर के समीप बनाए गए पाथवे का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पाथवे बनने से आसपास की सड़कों की सुंदरता में भी वृद्धि हुई है। सड़क-29 में गर्मी के दिनों में नागरिकों को ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विधायक निधि से लगाए गए वाटर एटीएम का भी निरीक्षण किया गया। वर्तमान में वाटर एटीएम चालू है, जिससे नागरिकों को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता माहेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, उप राजस्व निरीक्षक निलेश बागड़े, स्व'छता निरीक्षक सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेलूद में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा का होगा अप्रैल में आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,14 मार्च।** परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी समारोह प्रयाज अभियान के अन्तर्गत आयोजित 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा सेलूद (बाजार चौंक) में होगा द्य मंगलमय भगवान आशुतोष महाकाल की कृपा एवं परम पूज्य गुरुदेव वंदनीया माताजी, माँ गायत्री के सूक्ष्म संरक्षण में श्रीमद् शिव महापुराण कथा, 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है द्य कथा व्यासपीठ पर आचार्य महादेव जी रायपुर (बंजारी) वाले विराजित होंगे द्य कार्यक्रम दि. 09 अप्रैल 2026, गुरुवार अप. 3 बजे से कलश यात्रा, संध्या 5 बजे संगीत एवं प्रवचन दि. 10 अप्रैल 2026, शुक्रवार प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 12 से 2 बजे तक भोजन विश्राम, दोप. 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण कथा । दि. 12 अप्रैल 2026, रविवार प्रातः 9 से 12 बजे तक गायत्री यज्ञ, 2 से 3 बजे महिला सम्मेलन (मार्गदर्शन गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी), 3 से 6 बजे शिव महापुराण कथा, 6 से 7 बजे दीप महायज्ञ, दि. 14 अप्रैल 2026, मंगलवार प्रातः 8 से 12 बजे यज्ञ, 12 से 2 बजे शिवमहापुराण कथा, दोपहर 2 बजे टोली बिदाई, आभार समापन, प्रसादी भंडारा. उक्त अवसर पर पुंसवन, विद्यारंभ, दीक्षा, विवाह दिवस, जन्मदिन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार यज्ञ में निःशुल्क करायें जायेंगे, जिसका समय पूर्व पंजीयन होगा ।

आज ग्राम सेलूद के कर्मा भवन में बैठक आहूत कर उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए गायत्री शक्ति पीठ आमालोरी के प्रमुख पदाधिकारियो ने मार्गदर्शन दिए जिसमे प्रमुख रूप से कौशल आडिल, अशोक सिंह राजपूत, जगन्नाथ देवांगन, महेश वर्मा, भागवत वर्मा, सियाराम चंद्रकार, लीला सिंह, अजय सिंह ठाकुर, महेश्वर बनछोर, आयोजन समिति के पदाधिकारी सत्यभामा बनछोर, सीता बनछोर, ललिता वर्मा, उर्वशी बंछोर, गूँजेश्वरी बणछोर, विमला साहू, केंवरा साहू, खेमिन, सुरेखा साहू, श्रीराम टोली के सदस्य खेमिन साहू पूर्व सरपंच, रमेश देवांगन, टामनलाल साहू, सुनीता ठाकुर, ललिता बनपेला, योगेश्वरी साहू , ललिता वर्मा उपस्थित रहे ।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की बैठक में संगठन मजबूत करने पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मार्च।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक समाज के भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने की तथा संचालन महासचिव रामलखन मिश्र ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज की सदस्यता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करें। बैठक में समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश के प्रकाशन तथा ब्रह्म प्रकाश भवन में चल रहे संधारण कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 मार्च को समाज भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक के अंत में समाज के सदस्य रामदत्त पांडे एवं त्रिभुवन तिवारी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश मिश्र, चंद्रशेखर पांडे, कैलाश पाठक, अखिलेश त्रिपाठी, जे.एन. तिवारी, श्रीकांत द्विवेदी, सुभाष चंद्र तिवारी, एन.पी. मिश्रा, सुनील मिश्र, प्रदीप चंद्र पांडे, मनीष पांडे, नागेंद्र पांडे, रामविलास मिश्रा, विष्णु पाठक एवं संजय मिश्रा उपस्थित थे।

# जोन-2 सुंदर विहार कुरूद में निगम की बेदखली कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 सुंदर विहार कॉलोनी, कृष्णकुंज के पास किए गए अवैध निर्माण पर निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई की। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर उसे किराए पर देकर धन उगाही की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाकर बेदखल किया। यह कार्रवाई आयुक्त के निर्देशानुसार की गई। इस दौरान जोन-2 आयुक्त येशा लहरे की उपस्थिति में जोन-2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटाया। नगर निगम भिलाई ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

# समस्याओं के समाधान के लिए एआई आधारित नवाचार को मिला प्रोत्साहन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रथम ईडी डिजिटल चैंपियंस ट्रॉफी 2025-26 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। ÷कार्यस्थल की समस्याओं के समाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों के उपयोग विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गैर-कार्यपालक कर्मचारियों को कार्यस्थल की चुनौतियों के लिए नवोन्मेषी और व्यावहारिक तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में गैर-कार्यपालक कर्मचारियों की कुल 14 टीमों ने तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से 1× टीमों ने 6 और 7 मार्च को निर्णायक मंडल के समक्ष अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। तकनीकी शोध पत्रों और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन उपयोगिता, नवाचार, क्रियान्वयन की व्यवहार्यता और संगठन को संभावित लाभ जैसे मानकों के आधार पर किया गया। मूल्यांकन के उपरांत ए एंड डी विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में इंजीनियरिंग एसोसिएट अनुराधा ध्रुव, बी. वेंकट अप्पाराव तथा तलासमुद्रम राजेश शामिल रहे। बार एवं रॉड मिल विभाग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें वमशी बेहरा, भीमांशु क'छप और सैतान सिंह मीणा शामिल थे। वहीं यूनिवर्सल रेल मिल विभाग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसका प्रतिनिधित्व प्रसाद गौड़ू, सं'योति तिर्के और सुधीर यादव ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक रवि शंकर ने की। महाप्रबंधक अजय सचदेव और महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय थे, जबकि उप प्रबंधक जोजेन जोस ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## समाचार संक्षेप

### भाले के नेतृत्व में पाटन नगर के जनप्रतिनिधियों ने देखी विधानसभा भवन की कार्रवाई



**उतई,14 मार्च (तछसं.)।** नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में पाटन नगर के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा भवन का कार्यवाही देखी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन में उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव जी से मुलाकात कर नगर की विकास कार्यों के लिए सार्थक चर्चा की जिसमें उपमुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नही आने की बात कही व आश्वासन दिया!विधानसभा भ्रमण के दौरान मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति जितेन्द्र निर्मलकर, सभापति नेहा वर्मा, सभापति देवेन्द्र ठाकुर, पार्षद संगीता धुरंधर, रीना भाले, योगेश सोनी, कुलेश्वर भाले, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी,विजय कांत बंछोर मौजूद थे।

### देवी भागवत 16 मार्च तक

**उतई,14 मार्च (तछसं.)।** नारायणपुर (घुघुवा क) में श्रीमंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से नव दिवसीय श्री मन्मानस महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा दिनांक 7 से 16 मार्च 2026 तक पूर्व वर्षों की भांति निरंतर आयोजित किया जा रहा है, यज्ञाचार्य विरेंद्र चौबे जी निवासी नेवनारा (बेरला) वाले ने जानकारी प्रदान किया कि षष्ठम दिवस में आवाहित देवी देवताओं के पूजन पश्चात भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी कर षोडशोपचार पूजन करके अभिषेक किया गया तत्पश्चात रामचरित मानस के चौपाईयों एवं दोहा पर आहुति प्रदान किया गया एवं यज्ञ भगवान की आरती की गई एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, विश्व कल्याण की कामना की गई, रोजाना भक्तगणों द्वारा पुण्य प्राप्ति हेतु यज्ञ स्थल पर फेरा लगाया जाता है। 12 मार्च रात्रि में रात्रि 08 बजे से भजन आर्केस्ट्रा छॉलीवुड स्टार जय शीतला मईया फेम गायक लिलेश्वर सिन्हा, गायिका पिंकी साहू, प्रोड्यूसर मीनाक्षी पाण्डे एवं टिम ने विशेष आकर्षक प्रस्तुति दी, आसपास के ग्राम से आए हुए दर्शकों की खचाखच भीड़ रही, सभी ने आकर्षक प्रस्तुति का लुफ्त उठाया।



### भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल सुबह खुले , पालकों की राय

**कवर्धा,14 मार्च (तछसं.)।** सुबह आठ बजे से कबीरधाम जिले में भीषण गर्मी का असर दिखना शुरू हो जाता है । बच्चे धूप में स्कूल जाते है और शाम लगभग साढ़े चार बजे तक भी धूप रहती है ओर पालकों को भी चिंता होने लगी की बच्चे कितनी धूप में स्कूल जाते है । हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन और युवा बिजनेसमैन शनि चंद्रवंशी ने चर्चा करते हुए कहा की बहुत गर्मी बढ़ गई है ओर सरकार को स्कूल सुबह खोलने पर विचार करना चाहिए और एग्जाम भी सुबह होनी चाहिए यह भी हमारी राय है । धूप में लू लग सकता है चिंता होने लगी पालकों को । बच्चों की माताओं ने नाम ना बताते हुए कहा की क्लास नवमी की परीक्षा होने वाली है सुबह होगी तो अच्छा होगा और स्कूल सुबह खुलना चाहिए तो अच्छा होगा ।



### सामाजिक सेवा के लिए सुरेश खांडवे व उनकी टीम सम्मानित



**भिलाई, 14 मार्च।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वधर्म सेवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश खांडवे और उनकी टीम को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था द्वारा गरीब व जरूरतमंद मरीजों की सहायता, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा अंगदान-देहदान के प्रति जन जागरूकता जैसे कार्यों की सराहना की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने प्रशंसा-पत्र प्रदान करते हुए संस्था की सेवा भावना की सराहना की।

### कवर्धा में सिटी बस चलनी चाहिये , उठी मांग



**कवर्धा, 14 मार्च।** वरिष्ठ नागरिक नरेंद्र राव गणवीर ने कहा की बोड़ला से कवर्धा तक सिटी बस चलना चाहिए क्योंकि शाम को कवर्धा से बोड़ला बस बहुत कम आती है ओर जिस कारण दिक्कत भी होती है ।

पोड़ी के काई लोगो की भी राय है की सिटी बस चलने से बहुत अच्छा होगा ।

# अधिकारियों से साठगांठ कर मक्के की खेती की आड़ में अफीम की फसल उगाई गई थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 14 मार्च।** दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की खेती कांड में दुर्ग जिला प्रशासन ने कृषि विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई की है इस केस में कलेक्टर अभिजीत सिहं ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को सस्पेंड कर दिया है. इस कार्रवाई से पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू, फसल सर्वेयर शशिकांत साहू और ग्राम समोदा की पटवारी अनिता साहू को नोटिस जारी किया गया था. 7 दिनों के भीतर उन्हें जवाब देना था इस के बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने यह कार्रवाई की है एकता साहू पर लापरवाही के आरोप कलेक्टर की जांच में सामने आया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी स्तर पर गड़बड़ी हुई है. दस्तावेजों की जांच में पता चला कि विनायक ताम्रकार के भाई विमल ताम्रकार के जिस खेत को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने मक्का फसल का प्रदर्शन प्लॉट बताया था. उस खेत में मक्के की जगह धान की खेती की जा रही है भाजपा नेता विनायक ताम्रकार और अधिकारियों के साठगांठ कर मक्के की खेती के आड़ में अफीम की फसल उगाई गई थी और शासन को गुमराह करते हुए जानबूझकर खेत का स्थान बदला गया जांच में कई अहम खुलासे हुए इस केस में यह भी खुलासा हुआ है कि प्रदर्शन प्लॉट के नाम पर राज्य शासन से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी जारी कर दी गई नियम के अनुसार प्रदर्शन प्लॉट की फोटो उसी किसान के साथ ली जानी चाहिए जिसे सरकारी लाभ मिलना है लेकिन रिपोर्ट में धान की जगह मक्का के खेत के पास एक अन्य किसान को खड़ा कर फोटो खींचकर अपलोड कर दी गई जांच में यह भी सामने आया कि जिस खेत की मक्के की फोटो लगाई गई उसके ठीक पीछे अफीम की खेती की जा रही थी दो खसरा नंबर के खेतों में अफीम की खेती का खुलासा

इधर फसलों के सर्वे के लिए नियुक्त फसल सर्वेयर शशिकांत साहू ने सितंबर 2025 को खेत का डिजिटल सर्वे किया था. इसके बाद उसने फोटो गिरदावरी सॉफ्टवेयर में जानकारी अपलोड की. इसमें उसने खसरा नंबर 309 को पड़त भूमि और खसरा नंबर 310 में धान की फसल होने की जानकारी दर्ज की. जबकि जांच में पाया गया कि इन्हीं दोनों खसरा नंबरों पर अफीम की खेती की जा रही थी दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू के द्वारा फसल प्रदर्शन करवाया गया था. जिसमें लापरवाही सामने आई थी.ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को जिस स्थान पर प्रदर्शन प्लॉट करवाना था उसके स्थान पर दूसरी जगह करवा दिया गया था. इसके साथ ही कृषक बदलकर का फोटो अपलोड किया गया था. उस स्थान पर अफीम की खेती की जा रही थी.इस लापरवाही के चलते ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित किया गया है दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आगे कहा कि इस केस में जांच की जा रही है. अगर किसी और अधिकारी की लापरवाही इसमें पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढाबा को बाउंड्रीवाल का हस्तांतरण



**भिलाई, 14 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 11 मार्च को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ढाबा में निर्मित स्कूल बाउंड्रीवाल के पूर्ण होने के उपरांत उसका औपचारिक हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएसआर विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (सीएसआर) मनोज कुमार दुबे उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप प्रबंधक के. के. वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम ढाबा के सरपंच कमल नारायण साहू, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा सीएसआर विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अस्थायी रपटा बनाकर अवैध वसूली प्रशासन सख्त, हटाया नाका

**बलौदाबाजार 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर राजस्व की टीम ने नदी में अस्थायी रपटा बनाकर व नाका लगाकर अवैध वसूली करने वालों पर कार्यवाही करते हुए नाका को हटा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लवन तहसील अंतर्गत ग्राम चंगोरी और कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम छेछर के बीच महानदी पर अस्थाई रपटा बनाकर नाका लगाकर अवैध वसूली करने के संबंध में एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी के नेतृत्व में गुरुवार को मौका निरीक्षण किया गया। मौके पर नाका एवं अस्थाई संरचना को हटा दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि नाका लगाकर अवैध वसूली करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार लवन पेखन टोंड्रे सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### जान से मारने की धमकी देकर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी यशराज साहू निवासी नेहरू नगर बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12.03.2026 को आरोपी रमेश साहू द्वारा उसके बडे पिता एवं भाई को अश्लील गाली गलौज



किया जा रहा था, जिसे प्रार्थी द्वारा मना कर आरोपी को समझा बुझा कर घर भेज दिया गया। इसके कुछ समय बाद लगभग 12:30 बजे आरोपी रमेश साहू फिर वापस आया एवं अबकी बार प्रार्थी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से गले में प्राण घातक हमला कर दिया गया जिससे बीच बचाव करने पर प्रार्थी के हाथ में गहरा चोट आया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 238/2026 धारा 109,296,351(2) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी रमेश साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर, गाली गलौज करने से मना करने पर आवेश में आकर जान से मारने की नीयत से प्रार्थी के गले पर चाकू से हमला करना आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 13.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### थाना पलारी पुलिस ने स्कूल प्राचार्यों की ली बैठक



**बलौदाबाजार 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा थाना प्रभारी पलारी, एसडीएम पलारी, तहसीलदार एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पलारी की स्थिति में थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत समस्त स्कूल के प्राचार्यो का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्कूल एवं छात्रों की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई. बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा स्कूल प्राचार्यो को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आप सभी स्कूल शिक्षकों के माध्यम से छात्रों की गतिविधि, उनके कार्य, उनके आदत व्यवहार पर सतत निगरानी रखें। उन्हें सही गलत की जानकारी दें। क्योंकि किसी छात्र का घर के बाद, स्कूल ही एक ऐसा स्थान है, जहां बच्चा एक छात्र के रूप में सीखता है, सही गलत कुछ समझने की कोशिश करता है, इसलिए छात्रों के व्यवहार पर भी विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। पूर्व में जिस प्रकार शाला विदाई महोत्सव, शाला प्रवेश उत्सव के नाम पर चारपहिया, दोपहिया वाहनों में छात्रों द्वारा खतरनाक स्टंट किया गया था, ऐसा किसी भी प्रकार की घटना दोबारा ना हो। साथ ही स्कूल प्राचार्य छात्रों के व्यवहार को परख कर उनसे सतत् वार्तालाप करें, जिससे छात्रों को अच्छे बुरे का ज्ञान हो तथा वह विद्यालय की गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इसके साथ ही स्कूल आने वाला कोई भी नाबालिक छात्र मोटरसाइकिल में स्कूल ना आवे। स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों की भी लगातार जानकारी प्रदान की जाए। बैठक के अंत में उपस्थित स्कूल प्राचार्यो को पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को उनके भविष्य, रोजगार आदि के संबंध में भी मार्गदर्शन दें। इस दौरान आयोजित बैठक में थाना पलारी क्षेत्र कू कुल 37 की संख्या में प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय साइबर हाइजीन प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय साइबर हाइजीन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में पुलिस मुख्यालय रायपुर से आई हुई तीन सदस्यीय साइबर कमांडो की टीम जिसमें शामिल उप निरीक्षक अपराजिता राणा, प्रधान आरक्षक दिलीप कुमार सिंह, आरक्षक रेखाम चंद्र साहू द्वारा साइबर सतर्कता एवं साइबर हाइजीन के संबंध महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया गया। कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट द्वारा यह बताया कि आज के आधुनिक परिवेश में किस प्रकार साइबर फ्रॉड को अंजाम देने वाले ठग नित नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# शंकराचार्यों के संपर्क में आकर शास्त्रसम्मत जीवन की मिसाल कायम करें : साई मसन्द

**रायपुर, 14 मार्च।** मसन्द सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश साई जलकुमार मसन्द ने सिंधी समाज से आह्वान किया है कि वे सवा सौ करोड़ हिन्दुओं के धर्मगुरु शंकराचार्यों के संपर्क में आकर शास्त्रसम्मत जीवन जीने की मिसाल कायम करें। उन्होंने कहा कि वैदिक ज्ञान मानव जीवन को सुखमय, आनंदमय और संतुलित बनाने का मार्ग दिखाता है।

वाराणसी से लखनऊ तक शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के साथ चार दिवसीय गौ माता प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध प्रचार यात्रा सम्पन्न होने के बाद साई जलकुमार मसन्द 11 और 12 मार्च को



लखनऊ स्थित सिंधी समाज के विख्यात धाम शंकराचार्यों के संपर्क में आकर शास्त्रसम्मत जीवन की मिसाल कायम करें : साई मसन्दसखी बाबा

आसूदाराम आश्रम में रहे। इस दौरान आश्रम में उनके उद्बोधन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अपने संबोधन में साई मसन्द ने कहा कि वैदिक शास्त्र मानव जीवन से जुड़ी जल, थल और नभ की सभी आवश्यकताओं के समाधान का दार्शनिक, वैज्ञानिक और व्यवहारिक मार्ग प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े सिंधी समाज की जीवन शैली सदैव से वैदिक परंपराओं के अनुरूप रही है। इसलिए आज भी सिंधी समाज शास्त्रसम्मत जीवन का आदर्श प्रस्तुत कर सकता है।

साई मसन्द ने देश की सभी सिंधी पंचायतों और समाजसेवी संस्थाओं से प्रत्येक मोहल्ले में प्रतिदिन गीतापाठ एवं लोकसेवा के लिए केंद्र स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में निष्काम भाव से कर्म करने की शिक्षा दी गई है, जो वर्तमान समय में समाज में बढ़ते स्वार्थ और अव्यवस्था को दूर करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हर मोहल्ले में लोकसेवा केंद्र स्थापित किए जाएं तो उनके माध्यम से केंद्र, राज्य और स्थानीय शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इससे समाज में सेवा की भावना बढ़ेगी और सरकारी कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार को कम करने में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर सिंधी साहित्य अकादमी लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष मुखी नानकचंद लखमाणी ने लखनऊ में सिंधी समाज के माध्यम से गीतापाठ एवं लोकसेवा केंद्र स्थापित कराने की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। कार्यक्रम में आश्रम के वर्तमान पीठाधीश साई हरीशलाल, आश्रम के सचिव किशनलाल, वरिष्ठ सेवादार भाई दर्शनलाल, मुखी सुदामचंद चान्दवाणी, सुरेशलाल वलेचा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**एक वर्ष के लंबे प्रयास एवं इंतजार के बाद मुक्तिधाम उन्नयन के लिए मिला फंड, नगर अध्यक्ष ने जताया शासन का आभार**

# शिवनाथ मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प शासन ने उन्नयन के लिए 25 लाख की दी मंजूरी

■ वर्तमान में नागरिको की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से हो रहा है मुक्तिधाम का उन्नयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी 14 मार्च।** नगर में शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम की तस्वीर अब जल्द ही बदलते हुए नजर आएगी। वर्तमान में नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। अध्यक्ष निधि से मुक्तिधाम का रंग रोंगन एवं पेयजल तथा बैठक व्यवस्था को सुदृढ किया जा रहा है। वही अब राज्य शहरी विकास अभिकरण छग ने मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए 25 लाख की मंजूरी दी है। जिससे अब शिवनाथ मुक्तिधाम का काफी हद तक सुधार होगा।

एक वर्ष के लंबे प्रयास एवं इंतजार के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण ने मुक्तिधाम के विकास के लिए नगर के शिवनाथ नदी तट पर स्थित वार्ड 14 के मुक्तिधाम उन्नयन के लिए 2 मार्च को 25 लाख की मंजूरी दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की पहले निकाय की ओर से नगर के मुक्तिधाम के विकास के लिए दो करोड रूपए का प्रस्ताव भेजा था। लेकिन राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा निकाय की केटेगरी व रकबा के आधार पर ही विकास राशि मुहैया कराने का निर्देश दिया तो फिर नगर पंचायत की ओर से 39 लाख का प्रस्ताव भेजा गया। इसके बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण ने दो चरणो में कार्य के लिए 25 लाख की मंजूरी दी है।



### फंड मिलने से हर्ष, अध्यक्ष ने जताया आभार

नगर के शिवनाथ मुक्तिधाम के उन्नयन का कार्य 2019 के बाद रूका हुआ था। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2017 में 50 लाख की लागत व अध्यक्ष निधि से इस मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल, गेट, शव दाह संस्कार के लिए शेड बनवाया था। इसके बाद यहां पर पिछले पांच वर्ष से कोई कार्य नही हुआ। इससे नागरिको में काफी आक्रोश था। नागरिको की ओर से लगातार मुक्तिधाम के उन्नयन एवं विकास के लिए मांग की जा रही थी। अब इधर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के पुनः नगर के सरकार में आने के बाद दोबारा मुक्तिधाम के विकास के लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण ने 25 लाख की मंजूरी दी है। इससे नागरिको मे हर्ष व्याप्त है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मुक्तिधाम विकास के लिए सौगात देने पर सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं सूडा के अधिकारियो का आभार ज्ञापित किया है।

### कान्हे, मेरेगांव एवं अन्य मुक्तिधाम के लिए भी भेजा गया प्रस्ताव

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की नगरीय निकाय क्षेत्र में शिवनाथ मुक्तिधाम के अलावा वार्ड एक व दो मेरेगाव तथा वार्ड 6 व 7 कान्हे नगर में स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए भी मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा कृष्ण कुंज पांगरी मार्ग में एसएलआरएम सेंटर के पीछे स्थित हिन्दू कब्रस्तान में अहाता निर्माण एवं पेयजल सुविधा तथा अन्य विकास कार्य के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त भी नगर में स्थित मुस्लिम कब्रस्तान व इसाई कब्रस्तान में भी विभिन्न सुविधाओ के लिए सीएम एवं डिप्टी सीएम विभागीय मंत्री को प्रस्ताव देते हुए राशि स्वीकृती देने की मांग की गई है।

### समस्याओं से घिरा हुआ है मुक्तिधाम

शिवनाथ मुक्तिधाम ही नगर के सभी मुक्तिधाम समस्याओं से घिरे हुए है। शिवनाथ मुक्तिधाम में अहाता का कार्य पूर्ण नही हुआ है। अहाता से सुरक्षित नही होने से यहां पर मवेशी घुस आते है। जिससे मुक्तिधाम में रोपे गए पौधे नष्ट हो जा रहे है। वही इस मुक्तिधाम में वेटिंग हाल का शेड जर्जर होकर टूट फूट व उड़ गया है। मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए शेड की संख्या भी बढाने की आवश्यकता है। इसके अलावा मेरेगांव एवं कान्हे मुक्तिधाम में भी अहाता निर्माण एवं सुविधाओ के विकास की मांग की जा रही है। हिंदू कब्रस्तान के लिए अहाता सहित पेयजल, शेड व बैठक व्यवस्था की मांग हो रही है। नगर में मुस्लिम कब्रस्तान एवं इसाई कब्रस्तान में भी विकास के लिए विभिन्न सुविधाओं की मांग की जा हरी है। नगरीय निकाय ने सभी मुक्तिधाम के विकास के लिए शासन एवं प्रशासन को प्रस्ताव भेज दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी सभी स्थानो में विकास कार्य के लिए प्रयास कर रहे है।

# कलेक्टर ने ली अधिकारियों एवं मिलर्स की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,14 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों सहित मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जित धान उठाव की समीक्षा करते हुए अब तक शेष धान क उठाव 20 मार्च तक एवं एफसीआई और नान में चावल जमा 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है केवल 7 प्रतिशत ही शेष है। कुछ राईस मिलर्स के द्वारा कम उठाव किया गया है। गाडी की संख्या बढाकर उठाव में तेजी लाएं। धान उठाव और चावल जमा करने में किसी प्रकार की हीला-हवाली नहीं चलेगी। उन्होंने कहा की उठाव नहीं करने वाले मिलर्स को पहले नोटिस जारी करें फिर भी सुधार नहीं होने पर उसकी बैंक गारंटी जब्त करने की कार्यवाही किया जाए। उन्होंने मिलर्स द्वारा नान और एफसीआई में जमा किया जाने वाला चावल की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार जांच करने कहा। गुणवत्ताहीन चावल किसी भी मिलर्स से जमा नहीं कराने के निर्देश दिये।




कलेक्टर ने सहकारिता विभाग एवं समिति प्रबंधको को आगामी खरीफसीजन हेतु खाद के अग्रिम उठाव के लिये किसानों को प्रोत्साहित कराने कहा। इसके साथ ही सभी समितियों में लक्ष्य के अनुसार 10 अप्रैल तक उर्वरक भण्डारण कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने समितियो में किसानों के लिये आवश्क मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने देने कहा। कलेक्टर ने सभी समितियों में माइक्रो एटीएम सक्रिय कर ट्रांजेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त सहकारिता उमेश गुप्ता, जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा सहित अन्य अधिकारी व मिलर्स उपस्थित थे।

### मोहतरा में सुरभि गौधाम का शुभारंभ होगा

**बलौदाबाजार 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर में विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से दोपहर 1:30 बजे बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा में सुरभि गौधाम का शुभारंभ किया जाना है जिसमे घुमंतु पशुओ के व्यवस्थापन हेतु अधोसंरचना जैसे पशु शेड, निर्माण, पेयजल, बिजली फेसिग इत्यादि की उपलब्ध है। साथ ही पशुधन विकास विभाग के द्वारा ग्राम मोहतरा मे जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं पशु मेला उत्सव सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12.00 तक का आयोजन किया जायेगा। मेले का प्रमुख आकर्षण दुधारु गाय भैस बैल उन्नत बछिया बछडे उन्नत बकरे एवं मुर्गा -मुर्गी प्रदर्शनी रहेगा।

**सपनों की उड़ान, अब अपनी पहचान**

# गिन्दोला की लखपति दीदी जीना देवी डहरिया ने हौसलों से साबित की पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार भाटापारा,14 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी 'लखपति दीदी योजना' आज ग्रामीण भारत की महिलाओं के लिए न केवल आर्थिक संबल बनी है, बल्कि उनके सपनों को नई उड़ान भी दे रही है। इसका एक जीवंत उदाहरण ग्राम गिन्दोला की जीना देवी डहरिया हैं, जिन्होंने बिहान समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा ही बदल दी। अब खुद की पहचान एक आत्मनिर्भर महिला के रूप में स्थापित कर चुकी हैं।

पति श्री प्रेमप्रकाश डहरिया के साथ मिलकर एक साधारण जीवन जीने वाली जीना देवी के पास कभी सीमित संसाधन थे, लेकिन उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने का अटूट संकल्प था। बिहान समूह के माध्यम से मिली सहायता और सही मार्गदर्शन



ने उन्हें वह मंच प्रदान किया, जहाँ से उन्होंने अगरबत्ती और दोना-पत्तल बनाने का छोटा सा कार्य शुरू किया। जिसे समाज कभी एक मामूली काम समझता था, जीना देवी ने अपनी मेहनत और लगन से उसे एक सफल व्यवसाय में बदल दिया।

आज जीना देवी न केवल अपने परिवार की आर्थिक धुरी हैं, बल्कि वे हर महीने 20 से 25 हजार रुपए की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। बीते 5 वर्षों में उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर कुल 3.50 लाख रुपए की आय प्राप्त की है, जो ग्रामीण परिवेश की किसी भी महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी इस सफलता ने उन्हें गांव में एक नई पहचान दी है और वे अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। भावुक मन से अपनी इस यात्रा को साझा करते हुए जीना देवी कहती हैं कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उन योजनाओं के कारण संभव हुआ है, जिन्होंने गांव की महिलाओं को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। वे अपनी इस खुशहाली के लिए शासन और प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं, क्योंकि आज वे गर्व से कह सकती हैं कि वे एक स्वावलंबी 'लखपति दीदी' हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी



■ जिले के 127278 किसानों को 25.68 करोड़ राशि का हस्तांतरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,14 मार्च।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम राज्य के गुवाहाटी में आयोजित समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों के खाते में 22 वीं किस्त की राशि का अंतरण किया गया। भारत सरकार द्वारा 22वीं. किस्त जारी होने के दिन को ''पीएम-किसान उत्सव दिवस'' के रुप में मनाया गया। इसके अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 1 लाख 27 हजार 278 किसानों के खातों में 25 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न मिडिया प्लेटफार्मों के साथ-साथ वेबकास्ट के माध्यम से किया गया विकासखण्ड कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, महिला कृषक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं वैज्ञानिक गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम-किसान योजना को देश के अन्नदाताओं के लिए संजीवनी बताया। डॉ. राजपूत ने यह भी बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा निरंतर किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, एवं मौसम आधारित सलाह उपलब्ध कराकर उनकी आय वृद्धि की दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, जनपद पंचायत भाटापारा सीईओ हिमांशु वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय एवं सरपंच सूरजपुरा श्रीमती कैकई देवदास ने सहभागिता निभाई।

### षडयंत्रपूर्वक जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 14 मार्च।** प्रार्थी तिहारिन बाई साहू निवासी नगर पंचायत कसडोल द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि, उसके नाम ग्राम छेछर में शामिल खाता में जमीन है, जिसका बंटवारा हेतु प्रकरण तहसील न्यायालय कसडोल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उप पंजीयक कार्यालय बलौदाबाजार से प्राप्त उक्त भूमि के रजिस्ट्री के कागजात एवं भूमि की नकल के अवलोकन पर पता चला कि प्रार्थिया के फोटो के स्थान पर किसी अन्य महिला का फोटो लगाकर फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री कर दी गई है तथा प्रार्थिया की बहन त्रिवेणी बाई के फोटो के स्थान पर भी किसी अन्य महिला का फोटो, हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी लगाकर रजिस्ट्री किया गया है। संपूर्ण प्रकरण में आरोपी श्रवण कुमार वर्मा एवं अन्य लोगों द्वारा मिलकर प्रार्थिया की जमीन को षडयंत्र पूर्वक, रजिस्ट्री कराया गया है। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में एक महिला आरोपी सहित 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा षडयंत्र पूर्वक धोखाधड़ी करते हुए प्रार्थिया एवं उसके रिश्तेदारों के नाम की भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करना स्वीकार किया गया।

### एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रन सिंह परमार का निधन



**तिल्दा नेवरा 14 मार्च।** वरिष्ठ गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रन सिंह परमार (72) का आज तिल्दा (छत्तीसगढ़) में आकस्मिक निधन हो गया। वे तिल्दा में विख्यात गांधीवादी राजगोपाल पी.व्ही. एवं एकता परिषद के वरिष्ठ साथियों के साथ एक बैठक में भाग ले रहे थे।डॉ. रन सिंह परमार नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय महासचिव, महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा के सचिव तथा भोपाल स्थित गांधी भवन के ट्रस्टी भी थे। पिछले लगभग 50 वर्षों से वे वंचित समुदायों के हित में जल, जंगल और जमीन पर समुदाय के अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष और पैरवी करते रहे।वे विख्यात गांधीवादी डॉ. एस.एन. सुब्बाराव के साथ युवावस्था से ही जुड़ गए थे और उनके मार्गदर्शन में सामाजिक आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। मुरैना में जन्मे डॉ. परमार ने चंबल के बागियों के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

एकता परिषद द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय पदयात्राओं और जन आंदोलनों में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई। गांधीवादी मूल्यों के प्रति समर्पित डॉ. परमार के निधन से देश भर के हजारों सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी तथा लाखों जमीनी कार्यकर्ता शोकाकुल हैं।तिल्दा से आज रात 12 बजे उनके पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से महात्मा गांधी सेवा आश्रम के ग्वालियर संसाधन केंद्र, पुरानी छावनी थाना के पास लाया जाएगा। वहां सुबह 11 बजे से श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव मृगपुरा, जिला मुरैना ले जाया जाएगा।

## युध्द शुरू करना आसान, खत्म करना बहुत मुश्किल

पृथ्वी पर मानव समाज के इतिहास का एक बड़ा हिस्सा युध्दों का रहा है। दुनिया में अक्सर कहीं न कहीं युध्द होते रहते हैं,हिंसा की गतिविधियां होती रहती हैं। इसलिए कहा जाता है कि हर शांति का काल किसी न किसी युध्द की तैयारी का होता है।शांति के समय कहीं न कहीं युध्द की तैयारी होती रहती है और जैसे ही युध्द होता है और दुनिया के देश प्रभावित होते हैं तो सब शांति की कामना करने लगते हैं। विश्व में बहुत सारे देश हैं और हर दस बीस साल में किसी न किसी देश में ऐसा नेता पैदा हो जाता है जो युध्द का कारण होता है या बन जाता है।युध्द चाहने वाला नेता पैदा होता है तो फिर उस देश को युध्द के लिए किसी बहाने की जरूरत होती है।यूक्रेन,ईरान,अमरीका,इजराइल,रूस आदि को युध्द के लिए एक बहाने की जरूरत थी। यूक्रेन की नाटों की सदस्यता के नाम पर रूस व यूक्रेन के बीच शुरू हुआ युध्द चल ही रहा है। इसे रोकने के कई प्रयास किए गए लेकिन यह युध्द किसी भी तरह के प्रयास से रूका नहीं है। माना जाता है कि रूस को युध्द में उलझा कर कमजोर करने के लिए ही यह युध्द शुरू किया गया। लेकिन रूस न तो कमजोर हुआ और न ही अमरीका का सामने झुका है। मिडिल ईस्ट में शांति थी, यह शांति ईरान को अच्छी नहीं लगी। बहुत सारे देश शांति से विकास चाहते थे, वह इसके लिए अपने संबंधो को सुधारने का प्रयास कर रहे थे।यह ईरान का पसंद नहीं आया और उसने अपने पाले हुए आतंकवादी संगठन को इजराइल पर हमला के लिए उकसा दिया। मिडिल ईस्ट आज युध्द की आग में झुलस रहा है तो उसके लिए ईरान व हमास दोषी हैं। पूरी दुनिया युध्द से प्रभावित है तो इसके लिए ईरान दोषी है। यूक्रेन व ईरान की एक गलती से युध्द तो शुरू हो गया लेकिन यह कड़वी सच्चाई है कि युध्द शुरू करना तो आसान होता है लेकिन उसे खत्म करना आसान नहीं होता है।यूक्रेन चाहता है युध्द समाप्त हो जाए, रूस भी चाहता है कि युध्द खत्म होना चाहिए। इसके लिए बातचीत होती रहती है लेकिन युध्द जारी है। अब जब ईरान,इजराइल व अमरीका के बीच युध्द दस दिन से ज्यादा हो गए हैं। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप कहते है कि युध्द जल्द समाप्त हो जाएगा लेकिन इजराइल कहता है कि उसका मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है।वही ईरान की तरफ से कहा गया है कि जंग कब खत्म होगी यह हम तय करेंगे। यानी ट्रंप भले ही खुद को देशों के बीच युध्द रुकवाने वाले नेता माने लेकिन ईरान के साथ जो युध्द चल रहा है उसे ट्रंप चाहें तो भी नहीं रुकने वाला है क्योंकि ईरान ने ऐसी शर्ते रख दी हैं कि ट्रंप के लिए मानना मुश्किल है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने युध्द समाप्त करने के लिए तीन शर्ते रखीं हैं। पहली शर्त है कि इजराइल व अमरीका को ईरान के अधिकारों को मान्यता देनी होगी। दूसरा युध्द में हुए नुकसान की भरपाई करनी होगी, तीसरा भविष्य में किसी भी हमले के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय गारंटी देनी होगी।वही सुप्रीम लीडर खामनेई ने कहा है कि अमरीकी हमले में मारी गई स्कूली बच्चियों और अह्न शहीदों के खून का बदला लिए बिना ईरान पीछे नही हटेगा।अमरीकी सैन्य अड्डो पर हमले और तेज किए जाएंगे।युध्द के ऐसे नए मोर्चे खोले जाएंगे जिसकी दुश्मनों ने कल्पना नहीं की होगी। होर्मुज को बंद रखने की रणनीति जारी रहेगी। ईरान के इस तेवर से साफ जाहिर है कि उसे युध्द को जारी ऱखने के लिए रूस व चीन से मदद मिल रही है।यानी अमरीका अब युध्द से निकलना चाहता है लेकिन अब चीन व रूस उसे ईरान युध्द में उलझाए रखना चाहते हैं। यानी तीन बड़े देशों अमरीका,चीन व रूस के कारण दुनिया में जहां जहां युध्द चल रहा है वह चलता रहेगा।दुनिया के बहुत सारे देश इससे कई तरह से प्रभावित रहेंगे। चाहता तो चीन यह भी था कि भारत भी पाकिस्तान के साथ युध्द में लंबे समय के लिए उलझा रहे। भारत ने आपरेशन सिंदूर के रूप में जब पाकिस्तान स्थित आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने का लक्ष्य तय किया था तो उसका लक्ष्य साफ था,उसकी पूरी तैयारी की।उसे यह भी मालूम था कि यह काम कितने समय में पूरा हो जाएगा और पाकिस्तान ने यदि जवाबी हमला किया तो क्या करना है और कैसे करना है। भारत ने पाकिस्तान को बताकर आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया कि यह हमला पाकिस्तान पर नहीं है। इसलिए आपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई तक सीमित रहा। पाकिस्तान ने जरूर भारत पर हमला किया और उसे ऐसा जवाब मिला कि उसे खुद ही सैन्य कार्रवाई रोकने का आग्रह करना पड़ा। इस मायने में पीएम मोदी पुतिन,ट्रंप व नेतन्याहू से बेहतर नेता साबित हुए हैं, वह जो चाहते थे किया भी और चीन जो चाहता था वह होने नहीं दिया।

गंभीर मुद्दा

# भारत की कूटनीति रंग लाई ईरान से भारत पहुंचे तेल टैंकर

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



भारत के मुसलमान और अन्य कुछ राजनीतिक दल भले ही मोदी सरकार को ईरान का साथ न देने के लिए कोस रहे हो लेकिन ईरान में माहौल दूसरा है. जब दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों को लेकर हर तरफ बेचैनी का माहौल है, तब भारत सरकार ने कूटनीतिक मोर्चे पर एक अहम कामयाबी हासिल की है। ईरान ने भारत के झंडे वाले तेल टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दे दी है। यह राहत ऐसे वक्त में मिली है जब पूरी दुनिया की निगाहें इस संकरे लेकिन बेहद अहम समुद्री रास्ते पर टिकी हुई हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सक्रिय कूटनीति और ईरान के साथ सीधी बातचीत को इस सफलता की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है।जानकारों का कहना है कि जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हाल ही में हुई बातचीत के बाद ईरान ने यह फैसला लिया। भारत ने अपने तेल आयात को लेकर ईरान के सामने अपनी जरूरत साफ तौर पर रखी और यह समझाया कि भारतीय टैंकरों का इस रास्ते से गुजरना दोनों देशों के हित में है। ईरान ने भारत की इस बात को माना और होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने का रास्ता खोल दिया। यह भारत की उस परंपरागत विदेश नीति की जीत है जिसमें बातचीत और संवाद को हथियार की जगह प्राथमिकता दी जाती है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त और सबसे संवेदनशील समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया भर में होने वाले कच्चे तेल के कुल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। फारस की खाड़ी के देशों से निकलने वाला तेल इसी संकरे समुद्री दरवाजे से होकर दुनिया के बाकी हिस्सों तक पहुंचता है। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है, इस रास्ते का बंद होना या खतरनाक हो जाना सीधे तौर पर तेल की उपलब्धता और कीमतों पर असर डालता है। ईरान की तरफ से राहत मिलने के बाद भारत के दो तेल टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजरे हैं। यह खबर उन लाखों लोगों के लिए राहत भरी है जो देश में तेल की कमी और कीमतों में उछाल को लेकर चिंतित थे। इससे पहले एक और टैंकर जिसका कप्तान भारतीय बताया जा रहा है, वह भी इस रास्ते से सफलतापूर्वक पार हो गया। यह जहाज युद्ध शुरू होने के बाद से इस मार्ग को पार कर भारत आने वाला पहला जहाज था। रिपोर्टों के मुताबिक सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर चल रहा यह लाइबेरिया के झंडे वाला जहाज दो दिन



पहले होर्मुज से गुजरा और अभी मुंबई बंदरगाह पर रुका हुआ है। भारत की ऊर्जा जरूरतें साल दर साल बढ़ती जा रही हैं। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, उद्योगों की मांग और आम जनता की जरूरतें पूरी करने के लिए कच्चे तेल की निर्बाध आपूर्ति बेहद जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का करीब पचासी फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल बाहर से मंगाता है और इसमें खाड़ी देशों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। ऐसे में अगर होर्मुज जैसा अहम रास्ता लंबे समय तक बंद रहे तो इसका असर सिर्फ तेल कंपनियों पर नहीं, बल्कि हर उस भारतीय परिवार पर पड़ता है जो रोजाना किसी न किसी रूप में पेट्रोल, डीजल या गैस का इस्तेमाल करता है।जयशंकर की यह कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि यह उस दौर में आई है जब दुनिया के कई बड़े देश खाड़ी क्षेत्र में तनाव के चलते अपने तेल आपूर्ति के रास्तों को लेकर परेशान हैं। कई देशों के जहाज होर्मुज से गुजरने में झिझक रहे थे और तेल बाजार में इसका सीधा असर कीमतों पर दिख रहा था। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में चुप बैठने की बजाय सक्रिय कदम उठाया, ईरान से सीधे बातचीत की और नतीजा सबके सामने है। भारत और ईरान के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से गहरे रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और कूटनीति के रिश्ते सदियों पुराने हैं। हालांकि बीते कुछ सालों में अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से भारत और ईरान के बीच तेल व्यापार में कमी आई थी, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक संबंध हमेशा बने रहे। भारत की यह कोशिश रही है कि वह एक तरफ अमेरिका और पश्चिमी देशों से अच्छे संबंध बनाए रखे और दूसरी तरफ ईरान जैसे पड़ोसी मुल्कों से भी रिश्ते खराब न हो। इस संतुलन की कूटनीति का ही नतीजा है कि आज भारत ईरान से यह राहत हासिल करने में कामयाब रहा जो शायद किसी और देश के बस की बात नहीं थी। इस पूरे घटनाक्रम से यह भी साफ होता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर कितना गंभीर है। सरकार ने न सिर्फ वैकल्पिक तेल आपूर्ति के रास्ते तलाशने शुरू कर दिए हैं, बल्कि मौजूदा रास्तों को सुरक्षित और खुला रखने के लिए कूटनीतिक स्तर पर पूरी ताकत लगा दी है। यह कदम देश की आर्थिक स्थिरता और आम जनता के हितों की रक्षा के नजरिए से बेहद जरूरी था।पुष्पक और परिमल जैसे टैंकरों का होर्मुज से सुरक्षित गुजरना महज एक खबर नहीं है। यह इस बात का संकेत है कि भारत की कूटनीति काम कर रही है। यह इस बात की मिसाल है कि जब सही समय पर सही तरीके से बातचीत की जाए तो बड़ी से बड़ी रुकावटें भी हट जाती हैं। भारत सरकार की यह सक्रियता आने वाले दिनों में देश की तेल आपूर्ति को स्थिर रखने में मददगार साबित होगी और कीमतों पर काबू रखने में भी सहायक रहेगी।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नया अनुभव मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

सिंह राशिःसिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस मे बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाहवाही करेंगे।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज कामकाज व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए काम बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज बेवजह की बहस करने वालों से दूरी बनाये रखें। साथ ही कामकाज से फ्री होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर सुकून के कुछ पल बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी अनुभवी और सफल राजनेता का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक सुख सुविधाओं में वृद्धि से होने से लाभ होगा। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोडऩे के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

मकर राशिःमकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा रहेगा, मन खुश रहेगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको दोगुना लाभ होने की संभावना बन रहीं है। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों को विशेष सम्मान दिए जाने की घोषणा होगी। आपके सगे सम्बन्धियों से मेलजोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम आसानी से पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

## सू- दोकू क्र.342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

चर्चित मुद्दा

# अमेरिका -ईरान वार,पराई लड़ाई ने मुसीबत बढ़ाई

**मनोज कुमार अग्रवाल**



अमरीका और इजरायल के ईरान के साथ चल रहे विनाशकारी युद्ध के अभी खत्म होने की सम्भावनाएं दिखाई नहीं देती।आज के वैश्वीकरण के दौर में दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला संघर्ष केवल स्थानीय नहीं रह जाता, बल्कि उसके प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जाते हैं। पश्चिम ए!शिया में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव भी ऐसा ही एक उदाहरण है। भौगोलिक दृष्टि से भारत इन देशों से हजारों किलोमीटर दूर है, लेकिन आर्थिक, रणनीतिक और मानवीय संबंधों के कारण इस युद्ध के प्रभाव से भारत अछूता नहीं है। अमरीका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। उसके मुख्य नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सहित वरिष्ठ नेताओं और महत्त्वपूर्ण सैन्य जरनैल इस हमले में मारे गए थे। इनका युद्ध तो चाहे दो सप्ताह पहले ही शुरू हुआ था, परन्तु ईरान और इज़रायल की दुश्मनी दशकों पुरानी है। ईरान ने इज़रायल का अस्तित्व मिटाने का पहले से ही संकल्प लिया हुआ है। इज़रायल न सिर्फ उससे पूरी टक्कर ले रहा है अपितु नज़दीक के कई अरब क्षेत्रों, जिनमें फिलिस्तीनियों ने शरण ली हुई है, पर भी समय-समय पर कब्ज़ा करके वहां उसके द्वारा अपनी स्थायी बस्तियां बना ली गई हैं।चाहे लम्बी अवधि व्यतीत होने के बाद ज्यादातर अरब देश इज़रायल के अस्तित्व को स्वीकार भी करने लगे हैं और उसके साथ किसी न किसी रूप में अपने संबंध भी बहाल कर रहे हैं परन्तु ईरान ने नज़दीकी देश लेबनान में हिजबुल्ला जैसे कट्टर संगठन और यमन में हूती संगठन के साथ-साथ गाजा पट्टी में हमास गुरिल्लों को दशकों से सहायता देकर उन्हें इजरायल से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार किया हुआ है, जो समय-समय पर इस पर हमले भी करते रहते हैं। इस बार इस लड़ाई की शुरुआत भी गाजा पट्टी में प्रशासन चला रहे हमास संगठन द्वारा 7 अक्तूबर, 2023 को पहले इज़रायल पर हमला किया गया था, जिसके बाद यह लड़ाई गम्भीर रूप धारण करती रही, जिसकी भेंट 80,000 से अधिक गाजा पट्टी में बसे हुए फिलिस्तीनी भी चढ़ गए परन्तु इसके साथ-साथ दोनों देशों की आपसी दुश्मनी लगातार और भी बढ़ती गई। अब शुरू हुई इस लड़ाई में जहां अमरीका द्वारा ईरान का प्रत्येक पक्ष से भारी नुकसान किया जा रहा है, वहीं ईरान की ओर से भी वैकल्पिक रूप में इज़रायल और खाड़ी देशों के उन देशों पर हमले किए जा रहे हैं, जिनमें अमरीकी



अड्डे स्थापित हैं। यह लड़ाई तेल और गैस से भरपूर खज़ानों वाले देशों में हो रही है, जिसका सीधा प्रभाव विश्व भर के देशों पर पड़ रहा है। कच्चे तेल के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में आयात की जाती महत्त्वपूर्ण खाद की भी बड़ी कमी महसूस की जाने लगी है।

आपको बता दें भारत में 80 प्रतिशत से भी अधिक कच्चे तेल और यूरिया का आयात किया जाता है। इसीलिए इस युद्ध का सीधा प्रभाव देश पर पड़ा है। इससे एक तरह से हाहाकार मचा हुआ दिखाई देने लगा है। युद्ध लम्बा होने की आशंका से लोगों में बेचैनी और परेशानी लगातार बढ़ रही है। देश भर में पेट्रोल और डीज़ल के साथ-साथ रसोई गैस की भी भारी किल्लत पैदा होने के समाचार मिलने शुरू हो गए हैं, जिस कारण इन वस्तुओं की मांग एकाएक बढ़ गई है, जिसकी शीघ्र पूर्ति करना बेहद कठिन है। चाहे ऊर्जा मंत्री लगातार संसद में यह बयान दे रहे हैं कि इन ज़रूरी वस्तुओं की कमी नहीं आने दी जाएगी और यह भी कि इसके बड़े भंडार देश में हैं परन्तु इसके बावजूद जिस तरह अफवाहें फैल रही हैं और सप्लाई संबंधी अनिश्चितता बढ़ती जा रही है, उसे लेकर देश भर में गैस एजेंसियों के समक्ष भीड़ एकत्रित होना शुरू हो गई है। पेट्रोल और डीज़ल के साथ-साथ गैस की मांग भी चार गुणा बढ़ गई है, जिससे हालात बेकाबू होने लगे हैं। स्थिति का लाभउठाकर जमाखोरी और काला बाज़ारी का धंधा भी प्रफुल्लित होने लगा है। मांग बढ़ने से पम्पों पर पैट्रोल और डीज़ल की सप्लाई में देरी होने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पम्पों से किसानों और अन्य द्वारा भारी मात्रा में डीज़ल और पेट्रोल खरीदने के समाचार प्राप्त होने शुरू हो गए हैं। विपक्षी पार्टियों ने चल रहे संसद अधिवेशन में और बाहर इन वस्तुओं की आपूर्ति के विरुद्ध कड़ी बयानबाज़ी और प्रदर्शन करने शुरू कर दिए हैं।इस संबंध में पैट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप पुरी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्थिति के संबंध में डर का माहौल पैदा करने का यत्न करने वाले लोगों की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि मौजूदा संकट से कोई भी देश बच नहीं सका परन्तु सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को बनाये रखने के लिए पूरा यत्न कर रही है। उन्होंने जहां जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोगों को चेतावनी दी है, वहीं राज्य सरकारों को भी ऐसी स्थिति पर नज़र रखने के लिए कहा है, परन्तु हालात ऐसे बन रहे हैं कि देश में ज्यादातर स्थानों पर व्यापारिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कमी के कारण होटल कारोबार और उद्योग पर प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। गैस के लिए ज्यादातर स्थानों पर ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी गई है। राजधानी दिल्ली में भी कई रैस्टोरेंट और दुकानें बंद रहीं। एक अनुमान के अनुसार 70 प्रतिशत रैस्टॉरेंटों का काम प्रभावित हुआ है। गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ की लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं, जिस कारण स्थान-स्थान पर उलझन भरी स्थिति बन गई है।

आपको पता है कि भारत के लिए इस युद्ध के प्रभाव से बच पाना बेहद कठिन है। सरकार के समक्ष पैदा हो रही यह स्थिति एक बड़ी चुनौती है। पहले ही चिन्तावान हुई केन्द्र सरकार को बड़ी तत्परता दिखाते हुए इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए बड़े यत्न करने की ज़रूरत होगी।युद्ध की स्थिति में सरकार पर अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने का दबाव भी बढ़ जाता है। हाल के समय में हजारों भारतीयों को युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से निकालने की कोशिशें भी की गई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऐसे संघर्ष केवल कूटनीतिक मुद्दे नहीं होते, बल्कि मानवीय संकट भी पैदा कर सकते हैं। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत 'रणनीतिक स्वायत्तता' रहा है। इसका अर्थ है कि भारत किसी एक शक्ति गुट के साथ पूरी तरह से जुड़ने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर संतुलित नीति अपनाता है। पश्चिम एशिया के इस संघर्ष में भारत के सामने यही सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती है। इजरायल भारत का एक महत्वपूर्ण रक्षा सहयोगी है और कृषि तथा तकनीकी क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। वहीं अमेरिका के साथ भारत के सामरिक और आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। दूसरी ओर ईरान भी भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके अलावा ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से भी ईरान का महत्व रहा है। ऐसे में भारत को इन तीनों देशों के साथ संतुलन बनाए रखना होगा, जो कूटनीतिक दृष्टि से बेहद जटिल कार्य है। इस वैश्विक अनिश्तिता के बीच भारत सरकार भी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है।। भारत जैसे बड़े और उभरते हुए देश के लिए यह स्थिति एक कठिन परीक्षा है। उसे ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा बनाए रखने, वैश्विक व्यापार को संतुलित रखने और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने जैसे कई मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। आज की दुनिया में किसी भी संघर्ष की गूंज सीमाओं के भीतर नहीं रहती। इसलिए भारत को अपनी रणनीति में सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता बनाए रखनी होगी। यही नौति उसे इन वैश्विक चुनौतियों के बीच स्थिरता और विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी।

## शब्द सामर्थ्य -342

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

एक नजर

### बस्तर जिले की 21 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव हेतु निर्वाचन आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

**जगदलपुर, 14 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त पड़े पंचायत पदों को भरने के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दिया है। निर्वाचन भवन नवा रायपुर से जारी निर्देशानुसार अब बस्तर जिले की 21 ग्राम पंचायतों में पंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव की तैयारियां आरंभ हो गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया गया है कि यह पूरी चुनावी प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार की जाने वाली नई फोटोयुक्त मतदाता सूची पर आधारित होगी। प्रशासनिक स्तर पर इस कार्य को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चरण की शुरुआत 23 मार्च 2026 से होगी, जिसमें रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात विधानसभा की मौजूदा मतदाता सूची से वार्डवार डेटा पृथक कर सॉफ्टवेयर के माध्यम से त्रुटिहीन सूची तैयार की जाएगी।

### बास्तानार की 34 पंचायतों में जिला प्रशासन की जन चौपाल

**जगदलपुर, 14 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला प्रशासन द्वारा जन समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बास्तानार विकासखंड में जन चौपाल का व्यापक आयोजन किया गया। लोहंडीगुड़ा और बकावंड विकासखंडों की सफलता के बाद, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार आज सुबह 10 बजे से ही बास्तानार की सभी 34 ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अभियान के तहत अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकर लाल सिन्हा ने राजस्व और जनपद पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की ।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 14 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए चारामा तहसील के ग्राम खैरखेड़ा निवासी 42 वर्षीय देवल राम उसेण्डी की बांध के केनाल डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता बाई के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार चारामा द्वारा हितग्राही के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया जाएगा।

# एनएमडीसी ने रचा इतिहास, 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बनी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**हैदराबाद,14 मार्च।** इस्पात मंत्रालय के अधीन भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और नवरत्न सीपीएसई एनएमडीसी लिमिटेड ने एक वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन (एमटी) लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बनकर इतिहास रच दिया है । यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वित्त वर्ष 2025-26 के समापन से कुछ दिन पहले प्राप्त हुई है ।

एनएमडीसी की स्थापना भारत के लौह अयस्क संसाधनों को विकसित करने के लिए 1958 में की गई थी और इसने वर्ष 1978 में लगभग 10 एमटी का उत्पादन किया था । पिछले दशकों में उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई और अब वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन पांच गुना बढ़कर 50 एमटी के ऐतिहासिक स्तर तक पहुंच गया है । यह भारत की लौह अयस्क आपूर्ति श्रृंखला की आधारशिला के रूप में कंपनी के सुदृढ़ परिवर्तन का परिचायक है ।

एनएमडीसी का 50 मिलियन टन के स्तर तक पहुंचना हाल के वर्षों में विकास में हुई तीव्र वृद्धि को भी रेखांकित करता है । वर्ष 2015 के बाद उत्पादन में लगभग दो तिहाई की वृद्धि हुई है, जो लगभग 30 एमटी से बढ़कर 50 एमटी हो गया है । इसमें पिछले चार वर्षों में ही वर्तमान क्षमता का लगभग पांचवां हिस्सा जोड़ा गया है, जो कंपनी के इतिहास में सबसे तेज विस्तार चरण को दर्शाता है ।

जिस प्रकार भारत 2030 तक इस्पात निर्माण क्षमता को 300 मिलियन टन तक बढ़ाने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, लौह अयस्क की सुस्थिर और विश्वसनीय घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करना एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहाः 50 मिलियन टन तक पहुंचना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह एनएमडीसी 2.0 के तहत हमारी मजबूत प्रगति को दर्शाता है । जिस स्थिति तक पहुंचने में दशकों लग गए थे, उसे हमने तेज निष्पादन, जिम्मेदार खनन प्रथाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के माध्यम से कुछ ही वर्षों में बहुत तेजी से आगे बढाया है । भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक होने के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, और यह मील का पत्थर न केवल हमारे संचालन की ताकत को दर्शाता है, बल्कि राष्ट्र के इस्पात पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिए हम पर किए गए विश्वास को भी दर्शाता है । छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के खनिज समृद्ध क्षेत्रों में अत्याधुनिक मशीनीकृत संचालन के साथ, एनएमडीसी देश की लौह अयस्क सुरक्षा सुनिश्चित करने का केंद्र बिंदु बना हुआ है । विकास के अगले चरण की ओर बढ़ते हुए कंपनी परिचालन उत्कृष्टता, प्रौद्योगिकी उन्नयन और जिम्मेदार खनन प्रथाओं पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रही है ।

### जिले में पदस्थ महिला शक्ति के सहयोग से हासिल हुई उपलब्धि

# आयुष्मान और वय वंदन कार्ड वितरण में प्रदेश का अग्रणी जिला बना बस्तर





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचलों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बीच बसे बस्तर जिले ने जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य पोर्टल द्वारा 11 मार्च 2026 तक जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिला आयुष्मान भारत और वय वंदन कार्ड वितरण के मामले में प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो गया है। कठिन रास्तों और भाषाई विविधताओं के बावजूद जिला प्रशासन की सक्रियता का ही परिणाम है कि आज बस्तर स्वास्थ्य सुरक्षा के मामले में कई विकसित और शहरी जिलों को पीछे छोड़ते हुए सफलता की नई इबारत लिख रहा है।

बस्तर की इस अभूतपूर्व सफलता की पटकथा लिखने में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उल्लेखनीय है कि जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी के अधिकांश पदों पर महिलाओं की नियुक्ति है, जिन्होंने अपनी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से इस अभियान को जन-आंदोलन बना दिया है। इन महिला स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने हाट-बाजारों से लेकर सुदूर दुर्गम गाँवों तक पहुँचने की रणनीति अपनाई, जिससे भाषाई और भौगोलिक बाधाएं भी विकास की राह नहीं रोक सकीं।

आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत कवरेज की दिशा में बढ़ते हुए बस्तर ने अब तक 98.2 प्रतिशत आबादी को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। जिले के कुल निर्धारित 7,87,364 सदस्यों के लक्ष्य के मुकाबले 7,73,468 कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो न केवल जिले की प्रशासनिक सजगता को दर्शाता है बल्कि राज्य के औसत 90.8 प्रतिशत से भी कहीं अधिक है। विशेष रूप से पारीवारिक कवरेज के मामले में तो बस्तर ने अपने लक्ष्य को पार करते हुए 116.4 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है, जो इस बात का प्रमाण है कि जिले का हर परिवार अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दायरे में आ चुका है।

वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनकी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी वय वंदन कार्ड योजना में भी बस्तर का प्रदर्शन स्वर्णिम रहा है। जिले ने न केवल अपने लिए निर्धारित 13,640 कार्डों के संशोधित लक्ष्य को प्राप्त किया, बल्कि 103.8 प्रतिशत की शानदार प्रगति के साथ अब तक 14,156 कार्ड जारी किए हैं। वर्तमान में बस्तर इस श्रेणी में समूचे छत्तीसगढ़ में तीसरे स्थान पर काबिज है। पिछले सात दिनों के भीतर जिले में लगभग 300 से ज्यादा नए कार्ड जारी किए गए हैं, जो यह स्पष्ट करता है कि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने का यह अभियान अभी भी पूरी ऊर्जा के साथ जारी है।

बस्तर की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जहाँ मैदानी जिले अभी भी इन लक्ष्यों को पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं बस्तर के वनांचलों में पदस्थ अमले की मुस्तैदी ने एक सफल मॉडल पेश किया है। अब जिले का अगला लक्ष्य शेष बचे 1.8 प्रतिशत सदस्यों को आयुष्मान योजना से जोड़कर पूर्ण कवरेज का गौरव प्राप्त करना है। जिसमें इन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगीं।

## बस्तर में शेष 8 वर्दीधारी नक्सलियों सहित लगभग 50 नक्सली सुरक्षाबलों के हिट लिस्ट में

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने के लक्ष्य के बाद से इलाके में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। देश से नक्सलवाद के सफाए की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, और बचे हुए नक्सलियों के पास केवल 17 दिन शेष हैं। बस्तर संभाग में सुरक्षाबलों के द्वारा नक्सलियों के सफाए के लिए लगातार उत्तर व दक्षिण बस्तर के नक्सलवाद से ग्रस्त कोर इलाके व अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में आपरेशन संचालित कर रही है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों के निशाने पर आठ वर्दीधारी नक्सलियों सहित लगभग 50 नक्सली हैं जिनसे लगातार समर्पण की अपील की जा रही है। यदि इस अवधि के भीतर वे आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई और तेज की जा सकती है। नक्सलियों को हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का यह अंतिम अवसर है। बचे हुए नक्सलियों के पास केवल 17 दिन शेष हैं, बचे हुए इन नक्सलियों में इनमें 40-40 लाख रुपये के इनामी पापाराव कुड़म उर्फ सुन्नम चंदैरया उर्फ मंगू दादा उर्फ चन्द्रना और केसा सोढ़ी जैसे नाम शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा 8-8 लाख रुपये के इनामी हेमला विज्जा और चंदर कतलाम भी सुरक्षा एजेंसियों के निशाने पर हैं। वहीं 5-5 लाख रुपये के इनामी किशोर उर्फ आयतु डोडी, विजय रेड्डी, मगेंश परचापी उर्फ सोमलू और मनीषा कोर्राम समेत अन्य कई नक्सलियों के नाम भी सूची में बताए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों के अनुसार बस्तर क्षेत्र में चल रहे ऑपरेशन का उद्देश्य नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। फोर्स का कहना है कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। जिन्हे जल्द आत्मसमर्पण करने लगातार अपील की जा रही है। निर्धारित तिथि के भीतर समर्पण नहीं करने पर उन्हे फोर्स का सामना करना पड़ सकता है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि : जिले के किसानों को मिले 15.9 करोड़ रुपए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर,14 मार्च।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के 22वें किश्त जारी किया गया, इसके तहत देश के 09 करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये की धनराशि अंतरित की गई। जिसमें कांकेर जिले के 78 हजार 922 किसानों को 15.9 करोड़ रूपये मिले। योजना के अंतर्गत अब तक 21 किश्तों में 4.09 लाख कराड़े से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण असम गुवाहाटी से कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े एवं जनपद पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति श्रीमती राजेश्वरी नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथी श्री भरत मटियारा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है, किसानों की आय को दोगुना करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष पश्रीमती पूर्णिमा कावड़े तथा कृषि स्थायी समिति के सभापति श्रीमती राजेश्वरी नेताम ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के प्रमुख डॉ बीरबल साहू द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कोमरा द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी की गई तथा सहायक संचालक कृषि श्री हरिश नेताम ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। इस अवसर पर जिले के कृषकगण, कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने किया पेन कर्रसाड़ स्थल का निरीक्षण

**कांकेर, 14 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मण्डावी ने शुक्रवार को जिले के अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में प्रत्येक तीन साल बाद चौथें साल में आयोजित होने वाले पेन कर्रसाड़ स्थल का निरीक्षण किया एवं समाज के लोगों से चर्चा कर कर्रसाड़ स्थल एवं मेला स्थल में आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए भरोसा दिलाया। ग्रामीणों द्वारा कांकेर से आमाबेड़ा होते हुए सेमरगांव और कोरर से सेमरगांव एवं अंतागढ़ से सेमरगांव तथा केशकाल से सेमरगांव तक परिवहन के साधन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया, जिस पर कलेक्टर ने समुचित कार्यवाही करने की बात कही। कर्रसाड़ स्थल एवं मेंला स्थल में पेयजल व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर एवं सीईओ श्री मण्डावी ने कर्रसाड़ स्थल के नजदीक बागझर नाला में बनाए गए स्टाफडेम का अवलोकन किया एवं पानी के संग्रहण हेतु बोरी बंधान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। पार्किंग स्थल के चयन के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आवश्यक सहयोग किया जाएगा। कर्रसाड़ स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## भालू का शिकार कर खाल की तस्करी करने वाले 11 आरोपित गिरफ्तार





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 14 मार्च।** जिले के गोण्डाहूर थाना पुलिस ने अवैध रूप से वन्य प्राणी भालू का शिकार कर उसकी खाल की तस्करी करने वाले 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जंगली भालू की खाल, शिकार में उपयोग किए गए जाल, छुरी, कुल्हाड़ी और एक मोटर साइकिल बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही उपरांत आज शुक्रवार को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 51 तथा बीएनएस की धारा 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कांकेर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला पुलिस के अपराध हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 पर दी जा सकती है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना गोण्डाहूर पुलिस को बीट भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से जंगली भालू का शिकार कर उसकी खाल की तस्करी कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तर बस्तर कांकेर निखिल अशोक राखेचा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने ग्राम कुरूशबोडी में आरोपी रामसू मण्डावी के खेत स्थित लाड़ी (मकान) में दबिश दी, जहां से सूखी अवस्था में एक जंगली भालू की खाल बरामद की गई। पूछताछ में अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आई। जांच में पता चला कि आरोपियों ने ग्राम ढोरकट्टा और हलांजूर के बीच जंगल में भालू का शिकार किया था। इसके बाद उसे केसो राम गावडे के खेत स्थित लाड़ी में लाकर काटा गया, मांस पकाकर खाया गया तथा खाल को सुखाकर बिक्री के लिए रखा गया था। घटनास्थल से बांस के डंडे, खून से सनी मिट्टी, चूल्हे की राख, कोयला और लकड़ी भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जंगली भालू की खाल, एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-19/बीक्यू-3181, पांच जाल, एक छुरी और एक कुल्हाड़ी बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश सोनी, सउनि एवेरतुस केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक बाबूलाल गावडे तथा आरक्षक चंदन कुलदीप, महेश मण्डावी, पालेश्वरी सलाम, किरण दुग्गा और श्याम कुमार गावडे का योगदान रहा।

### कुक्कुट और मछलीपालन से बढ़ी आमदनी

# बिहान योजना से बदली सिरमनी बघेल की जिंदगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 14 मार्च।** जिले के बस्तर विकासखंड अंतर्गत मुंडापाल गांव की अनुसूचित जनजाति वर्ग की ग्रामीण महिला श्रीमती सिरमनी बघेल आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक मिसाल बन गई हैं। कभी सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी से जूझ रहे उनके परिवार की स्थिति अब बेहतर हो चुकी है। उनकी मेहनत, लगन और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की इच्छा शक्ति ने उनके परिवार के जीवन में खुशहाली ला दी है। सिरमनी बघेल बताती हैं कि परिवार में कुल पांच सदस्य हैं। परिवार के पास करीब तीन एकड़ पैतृक कृषि भूमि है, जो बड़े परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं थी। आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें मजदूरी करने दूसरे गांव तक जाना पड़ता था। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने अतिरिक्त आय का रास्ता खोजने का निर्णय लिया। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) से जुड़कर अपने महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से कुक्कुटपालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समूह की सहायता और बैंक लिंकेज के तहत प्राप्त राशि से उन्होंने कुक्कुटपालन का कार्य शुरू किया। पिछले पांच वर्षों से इस आयमूलक गतिविधि के जरिए उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

सिरमनी बघेल ने अपनी मेहनत और प्रबंधन से आय के नए स्रोत भी विकसित किए। उन्होंने अपने पति के सक्रिय सहयोग से खेत के समीप स्थित डबरी में मछलीपालन शुरू किया और कृषि भूमि में स्थापित नलकूप के जरिए अपनी डेढ़ एकड़ रकबे पर रबी सीजन में मक्का एवं साग सब्जी की खेती करना प्रारंभ किया। इन सभी गतिविधियों से हर साल लगभग दो से तीन लाख रुपए की आमदनी होने के फलस्वरूप परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और घर में खुशहाली का माहौल बना है।

अब सिरमनी बघेल अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही हैं और दो बच्चों को जगदलपुर शहर के स्कूल में पढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं से मिले सहयोग और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत व लगन के बल पर वह अपने परिवार को खुशहाल बनाने में सफल हुई हैं। वर्तमान में वह महतारी वंदन योजना का लाभ भी ले रही हैं।

## मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शंखनाद

**जगदलपुर, 14 मार्च।** राज्य शासन ने प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। इस जन-कल्याणकारी योजना का आगाज गुरुवार को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इस योजना का मुख्य ध्येय निम्नदाब श्रेणी के घरेलू, बीपीएल और कृषि उपभोक्ताओं को उनके लंबे समय से लंबित बिजली बिलों के बोझ से मुक्त कर आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस योजना का सबसे व्यापक प्रभाव बस्तर संभाग में देखने को मिलेगा, जहाँ के हजारों परिवारों को दशकों पुराने बकाया बिलों से मुक्ति मिलने वाली है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी अनुसार बस्तर संभाग के लगभग 17 हजार निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ता, 20 हजार निष्क्रिय घरेलू उपभोक्ता और 8.5 हजार निष्क्रिय कृषि उपभोक्ताओं को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही संभाग के सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए भी राहत के द्वार खोल दिए गए हैं, जिससे लगभग 1.67 लाख चालू बीपीएल उपभोक्ता, 92 हजार चालू घरेलू उपभोक्ता और 9.5 हजार चालू कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले इन उपभोक्ताओं के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार यह योजना आज से प्रभावी होकर 30 जून 2026 तक संचालित रहेगी। योजना के अंतर्गत विशेष रूप से उन निष्क्रिय उपभोक्ताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनके कनेक्शन 31 मार्च 2023 से पहले के कटे हुए हैं। ऐसे बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को मूल राशि में 75 प्रतिशत और अधिभार (सरचार्ज) में शत-प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है, जबकि सामान्य घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए मूल राशि में 50 प्रतिशत की कटौती के साथ पूरा अधिभार माफकरने का प्रावधान किया गया है।

बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण, समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ लेने दिए आवेदन

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर बना समाधान का मंच, हितग्राहियों के चेहरों पर दिखी खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 14 मार्च।** तमनार में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आम नागरिकों के लिए समाधान का प्रभावी मंच बनकर सामने आया। यहां लोग केवल आवेदन लेकर ही नहीं, बल्कि उम्मीद और विश्वास के साथ पहुंचे थे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। योजनाओं का लाभ मिलने पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

शिविर में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी स्वयं पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में पहुंचे। कई मामलों में मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहते हैं, जिससे कई ऐसे कार्य जो सामान्यतः जिला मुख्यालय जाकर कराने पड़ते हैं, वे यहीं आसानी से संपन्न हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल तथा 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को जैविक कीटनाशक और मृदा हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। जनपद पंचायत तमनार द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 7 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। उद्यान विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को पौधों का वितरण किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को अन्नप्राशन, पोषण किट, गोद भराई तथा नोनी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को छड़ी तथा श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड एवं अपेक्स बैंक की ओर से किसानों को केसीसी कार्ड एवं केसीसी चेक वितरित किए गए।शिविर में योजनाओं का लाभ मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की। हितग्राही श्रीमती सविता सिदार ने मछली पकड़ने का जाल प्राप्त होने पर कहा कि पहले मत्स्य व्यवसाय में काफी कठिनाई होती थी, लेकिन अब जाल मिलने से उनके काम में सहूलियत होगी। हितग्राही श्री हरिशंकर साहू ने पेंशन प्रमाण पत्र मिलने पर शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं हितग्राही समारू राम ने कहा कि उन्हें मिली छड़ी उनके लिए सहारा बनेगी। शिविर के दौरान आमजनों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर नए आवेदनों का पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य जांच के साथ दवाइयों का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर जनपद पंचायत तमनार अध्यक्ष श्री जगेश्वर सिदार, श्री सत्यानंद राठिया, श्री रमेश चंद्र बेहरा, श्री सतीश बेहरा, श्री जतिंद्र साव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तमनार का होगा कायाकल्प, कलेक्टर ने कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश



**रायगढ़, 14 मार्च।** औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तमनार को सुव्यवस्थित, आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज तमनार पहुंचकर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तमनार के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारियों से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि तमनार को सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप में विकसित करने के लिए समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अंतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण, बाजार क्षेत्र के सुव्यवस्थापन तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि तमनार एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगर है और यहां का व्यवस्थित विकास होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों से नगर के विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि तमनार को एक बेहतर और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शहर के दो होटलों से तीन घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त, खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

**धमतरी, 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा होटलों एवं प्रतिष्ठानों में दबिश देकर घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करने वाले संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में आज खाद्य अमले द्वारा धमतरी शहर के गोलबाजार एवं बठेना, बस स्टैण्ड स्थित दो होटलों में तीन घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान बैगा होटल गोल बाजार में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। होटल संचालक से दो घरेलू गैस सिलेण्डर, एक रेगुलेटर पाईप सहित बर्नर की जप्ति की गई। इसी तरह बठेना-बस स्टैण्ड स्थित दीपू होटल व कैलाश होटल में जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध उपयोग करते पाए जाने पर उक्त प्रतिष्ठान के संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक घरेलू गैस सिलेण्डर, एक सिंगल बर्नर चूल्हा और पाईप सहित रेगुलेटर जब्त किया गया।

उक्त प्रतिष्ठानों पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियम) आदेश 2000 की कंडिका 03 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 सहपठित धारा 7 के उल्लंघन के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग करने वाले संचालकों के विरूद्ध आगे भी सतत् कार्रवाई की जाएगी।

# डीएमएफ मद से लैलूंगा क्षेत्र में रागी की खेती को दिया जा रहा बढ़ावा, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 14 मार्च।** जिले में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लैलूंगा विकासखंड में डीएमएफ के सहयोग से रागी की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विकासखंड लैलूंगा के सलखिया स्थित गुरुकुल आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित रागी की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपनाई जा रही जैविक खेती की पद्धति और तकनीकी प्रबंधन की जानकारी ली।

लैलूंगा विकासखंड में डीएमएफ के सहयोग से लगभग 50 किसान इस वर्ष रागी की खेती कर रहे हैं। किसान पूरी तरह जैविक तरीके से खेती करते हुए आधुनिक तकनीकों को अपना रहे हैं। किसानों को रागी उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के लिए छत्तीसगढ़ के रागी विशेषज्ञ श्री जैकब के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे खेती को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी बनाया जा सके। सलखिया क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर रागी की विशेष ऑर्गेनिक खेती कराई जा रही है। इस फसल की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक खाद या कीटनाशक का उपयोग नहीं किया गया है और पूरी तरह जैविक पद्धति अपनाई गई है। किसानों को मास्टर ट्रेनर के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि रागी की खेती को बेहतर तरीके से किया जा सके।

### खरीफ सीजन में रागी का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आने वाले समय में खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए रागी की खेती का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष रूप से टिकरा भूमि में जहां किसान धान की खेती करते हैं, वहां उन्हें रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। तैयार होने वाली रागी का उपयोग गुरुकुल आश्रम एवं वहां अध्ययनरत बच्चों के पोषण के लिए भी किया जाएगा। बता दे कि रागी को सुपर फूड माना जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस मॉडल को देखकर क्षेत्र के अन्य किसानों को भी मोटे अनाज की खेती के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिल

# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही, दो पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायगढ़, 14 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में सीईओ जिला पंचायत के निर्देश पर जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम पंचायत चिराईखार के पंचायत सचिव श्री श्याम लाल सिदार एवं ग्राम पंचायत बैस्कीमुड़ा के पंचायत सचिव श्री अशोक कुमार पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत वैस्कीमुड़ा में कुल 131 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 128 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है। इसके बावजूद अब तक केवल 02 आवास ही पूर्ण हो पाए हैं, जबकि 38 आवास प्लिंथ लेवल तक पहुंचे हैं और 82 आवासों का निर्माण अभी तक प्रारंभ भी नहीं कराया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चिराईखार में 113 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 107 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि मिल चुकी है। इसके बावजूद अब तक एक भी आवास पूर्ण नहीं हुआ है, 16 आवास प्लिंथ लेवल तक हैं और 87 आवासों का निर्माण कार्य शुरू ही नहीं कराया गया है। अधूरे और अप्रारंभ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधितों को कई बार निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई।

# केलो नदी के उद्‌गम स्थल को पर्यटन के रूप में किया जाएगा विकसित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 14 मार्च ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत केलो नदी के उद्गम स्थल पहाड़ लुड़ेग तथा खम्हार पाकुट जलाशय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

ग्राम पहाड़ लुड़ेग में केलो नदी के उद्गम स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर नदी के इतिहास और उद्गम स्थल से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह स्थल प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे सुरक्षित और संरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने लैलूंगा से पहाड़ लुड़ेग तक सड़क निर्माण की आवश्यकता पर भी विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्राम पंचायत पहाड़ लुड़ेग को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के संबंध में भी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपेक्षा की कि केलो नदी के उद्गम स्थल को सुरक्षित और संरक्षित बनाए रखने में वे सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि गांव के समग्र विकास और उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए ग्रामीण अपने सुझाव 15 दिनों के भीतर प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें आगामी योजनाओं में शामिल किया जा सके।

### खम्हार पाकुट जलाशय में मत्स्य पालन कार्य की सराहना

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत जाम बहार स्थित खम्हार पाकुट जलाशय योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ के कार्यपालन अभियंता तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खम्हार पाकुट जलाशय में आदिवासी मत्स्य समिति लैलूंगा द्वारा किए जा रहे मछली पालन कार्य की सराहना करते हुए उत्पादन को और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने खम्हार पाकुट जलाशय के तटीय क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए किसी आर्किटेक्ट के माध्यम से विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार कराने हेतु जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया।

### कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा और वृक्षारोपण से संवारा गांव

**जगदलपुर, 14 मार्च ।** कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने जन सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। ग्रामीण परिवेश की जरूरतों को समझते हुए छात्रों ने न केवल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, बल्कि पशु चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के जरिए ग्रामीणों का दिल जीत लिया।छात्रों के अथक प्रयासों से आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें संतुलित आहार के लाभ समझाए गए। इस पहल से प्रेरित होकर गाँव के लगभग 50 व्यक्तियों, जिनमें बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे,

# एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और वितरण में हो रही देरी के कारण गैस एजेंसियों में लंबी कतार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई,14 मार्च।** दुर्ग में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और वितरण में हो रही देरी के कारण गैस एजेंसियों में लंबी कतारें लग रही है। लोग भोर होने से पहले ही खाली सिलेंडर के साथ एजेंसी पहुंचकर कतार में खड़े हो रहे हैं। बावजूद इसके ज्यादातर हितग्राहियों के बैरंग लौटने से सिलेंडर के पर्याप्त स्टाक होने प्रशासन के दावे की पोल खुल रही है। आलम यह है कि ऑनलाइन बुकिंग के 24 घंटे बाद भी हितग्राहियों को सिलेंडर के होम डिलीवरी की सुविधा मिल नहीं पा रही है शहर में घरेलू एलपीजी सिलेंडर को लेकर लोग परेशान हैं गैस एजेंसियों में अचानक बढ़ी भीड़ ने सिलेंडर के वितरण प्रक्रिया की कमजोरी को उजागर कर दिया है, वहीं इससे जिला प्रशासन के सिलेंडर के पर्याप्त स्टाक होने के दावे की भी पोल खुल गई है। सरकारी स्तर पर कहा जा रहा है कि घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य है, लेकिन जमीनी हकीकत एकदम इससे जुदा है। अगर सबकुछ सामान्य है तो फिर गैस एजेंसियों में सुबह 4 बजे से ही नजर आ रही हितग्राहियों की कतार क्यों। कुछ स्थानों पर इस किल्लत को अफवाह करार दिया जा रहा है, लेकिन वास्तविक में उपभोक्ता परेशानी झेल रहा है। वहीं गैस सिलेंडर के कालाबाजारी और अवैध भंडारण की चर्चा हो रही है सुबह 4 बजे से कतार लगाकर खड़े हितग्राहियों को 10 बजे एजेंसी का ताला खुलने पर एक प्रकिया के बाद मोबाइल पर ओटीपी आने पर सिलेंडर मिलने की जानकारी देकर बैरंग लौटा दिया जा रहा है। अनेक उपभोक्ता ओटीपी आने पर तुरंत एजेंसी पहुंचने के फेर में कोई दूसरा काम नहीं कर पा रहे हैं। किसी - किसी का तो ओटीपी के इंतजार में ही दिन बीत जा रहा है। ऑनलाइन बुकिंग करने वालों को 24 घंटे बाद भी होम डिलीवरी की सुविधा नहीं मिल पा रही है एक उपभोक्ता ने बताया कि उसने 11 मार्च को ऑनलाइन बुकिंग किया 13 मार्च को कई बार की कोशिश के बाद भी कॉल नहीं लग पाया। आज 14 मार्च को फिर से कॉल करने पर 24 घंटे के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी का समय दिया गया है मांग में अचानक वृद्धि से वितरण प्रभावित गैस एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि आपूर्ति में थोड़ी कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। इसके अलावा सिलेंडर की मांग में अचानक वृद्धि हुई है, जिससे वितरण में बाधा आ रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि वे स्थिति नियंत्रित करने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन, उपभोक्ताओं की समस्या बढ़ती जा रही हैं। कई लोग इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं ।

# कलेक्टर ने सीएचसी तमनार में ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



**रायगढ़, 14 मार्च।** जिले में आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज तमनार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चतुर्वेदी ने अस्पताल परिसर, उपचार कक्ष, दवा उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त भवन की आवश्यकता है। साथ ही मर्चुरी निर्माण के लिए स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इस पर कलेक्टर ने भवन सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहान योजना से बदली कुमुद बाई की जिंदगी, मुर्गीपालन और गौपालन से बनी आत्मनिर्भर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 14 मार्च ।** कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम बांझीआमा की श्रीमती कुमुद बाई आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। शासन की महत्वाकांक्षी बिहान योजना ने उनके जीवन को नई दिशा और नया आत्मविश्वास दिया है। कुमुद बाई सूरज महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। शुरुआत में वे कम पढ़ी-लिखी होने के कारण झिझकती थीं, लेकिन समूह की बैठकों और गतिविधियों में शामिल होते-होते उनका आत्मविश्वास बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उन्होंने घर की चौखट पार कर समाज और समूह के साथ कदम मिलाकर चलना शुरू किया। आज वे न केवल स्वयं बैंक जाकर अपने काम पूरे कर लेती हैं, बल्कि समूह की अन्य महिलाओं को भी बैंक से जुड़े कार्यों में मदद करती हैं।

स्व-सहायता समूह में नियमित बचत और आपसी सहयोग ने कुमुद बाई को आर्थिक रूप से मजबूत बनने की राह दिखाई। उन्होंने 70 हजार रुपये का ऋण लेकर मुर्गीपालन का कार्य शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने लगभग 40 हजार रुपये की लागत से अंडों से चूजे निकालने वाली मशीन खरीदी। इस मशीन में एक बार में करीब 60 अंडे रखे जा सकते हैं, जिनसे निर्धारित समय के बाद चूजे निकलते हैं। इससे उनकी आय में धीरे-धीरे वृद्धि होने लगी और उनके हौसले को नई उड़ान मिली। अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कुमुद बाई ने अपनी आजीविका को और मजबूत करने का फैसला किया। इसके लिए उन्होंने एक निजी बैंक से 1 लाख 50 हजार रुपये का ऋण लेकर अच्छी नस्ल की गाय खरीदी। यह गाय प्रतिदिन लगभग 10 से 12 लीटर दूध देती है, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होने लगी है।आज कुमुद बाई मुर्गीपालन, गौपालन और खेती जैसे कार्यों के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर भविष्य देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। कुमुद बाई कहती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आत्मविश्वास और नई उम्मीद जगी है। घर से निकलकर बैंक तक पहुंचने और स्वयं का रोजगार खड़ा करने तक का यह सफर उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन बिहान के सहयोग और मार्गदर्शन ने इसे संभव बना दिया। आज कुमुद बाई अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

### 80 वर्षीय मांझी समाज प्रमुख महाजन अठभैया को मिला श्रवण यंत्र व वॉकिंग स्टिक

**मोहला 14 मार्च ।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय में समाज कल्याण विभाग की सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत सोमटोला निवासी 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक एवं मांझी समाज के समाज प्रमुख श्री महाजन अठभैया को श्रवण यंत्र एवं वॉकिंग स्टिक प्रदान किया गया। यह सहायक उपकरण जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के करकमलों से प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता और सुविधाएं पहुंचाना है, विशेषकर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक मिलने से श्री महाजन अठभैया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

# नवरात्र से पहले रसोई गैस की मांग बढ़ी, नए नियम और बुकिंग समस्या से उपभोक्ता परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 14 मार्च।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व और मेले की तैयारियों के बीच रसोई गैस की बढ़ती मांग तथा आपूर्ति में असंतुलन को लेकर हलचल तेज हो गई है। सरकार द्वारा गैस सप्लाई से जुड़े नए नियम लागू होने के बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नए नियम के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन बाद ही की जा सकेगी, जबकि शहरी क्षेत्रों में बुकिंग के लिए कम से कम 25 दिन का अंतराल रखा गया है। इस व्यवस्था का असर विशेष रूप से उज्वला योजना के लाभार्थी परिवारों पर पड़ सकता है।

इंडियन गैस एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ शहर में लगभग 30 हजार उपभोक्ता हैं, जिनमें करीब 14 हजार कनेक्शन उज्वला योजना के अंतर्गत हैं। एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं को अफवाहों से दूर रहने की अपील की जा रही है। हालांकि इस बीच एक समस्या सामने आई है कि जिस



नंबर से उपभोक्ता गैस सिलेंडर की बुकिंग करते थे, वह पिछले एक सप्ताह से काम नहीं कर रहा है। इसके कारण लोगों को गैस एजेंसी पहुंचकर बुकिंग कराने में परेशानी हो रही है और एजेंसी में भीड़ बढ़ने लगी है।

**होटल व्यवसायियों पर पड़ सकता है असर :-** साल में दो बार लगने वाले नवरात्र मेले के दौरान शहर की बड़ी आबादी का रोजगार इसी से जुड़ा रहता है। मेले में कई स्थानीय लोग अस्थायी होटल और खाने-पीने के स्टॉल लगाते हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर की संभावित किल्लत का असर सबसे ज्यादा होटल व्यवसायियों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ होटल संचालकों ने अभी से लकड़ी के बड़े भट्ठों और डीजल भट्ठों का उपयोग शुरू कर दिया है। नवरात्र को देखते हुए लकड़ी की व्यवस्था भी की जा रही है, जबकि छोटे होटल व्यवसायी इस बार मेले से दूरी बनाने लगे हैं।

**अधिकारियों ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन :-** इस संबंध में एसडीएम एस. भार्गव ने बताया कि बुकिंग नंबर में आ रही दिक्कतों की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है और जल्द ही समस्या का समाधान होने की संभावना है। वहीं गैस एजेंसी के प्रबंधक नवीन अंबादे ने कहा कि एजेंसी में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किल्लत जैसी कोई स्थिति नहीं है। उपभोक्ताओं को क्रम अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक नजर

### महिलाओं का होली मिलन व महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न



**डोंगरगढ़ 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फरवरी को पार्वती महिला स्व सहायता समूह एवं आरती महिला स्व सहायता समूह ने होटल राजस्थान में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दोनों समूह के अध्यक्ष श्रीमती ममता बहेकर एवं अनीता चाकोले सभी सदस्य मीना बहेकर ,देवकुमारी देवांगन, सौहद्रा नेताम, सविता देवांगन,संजना देवांगन, बिंदा वर्मा, सुचित्रा कल्चुरी,ममता उईके,साधना तोमर, रूपामौर्या, अलका साहू,राधा वर्मा,सीमा उजवने,कनक मंडावी, रूपाली गौतम,एवं सी आर पी सुनीता बघेल भी उपस्थित थी द्य सभी सदस्यों ने कुर्सी दौड़ एवं अन्य खेलों में भाग लिया।

### छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में 700 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

**रायपुर, 14 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर राज्य के शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण एवं सहायक सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विभाग द्वारा सहायक प्राध्यापक के 625 पद, ग्रंथपाल के 50 पद तथा क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों सहित कुल 700 पदों पर भर्ती की जाएगी।उच्च शिक्षा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार आरक्षण रोस्टर और विषयवार रिक्तियों का निर्धारण करते हुए उनका विस्तृत रोस्टर ब्रेक-अप भी तैयार कर लिया है। भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को 24 फरवरी 2026 को विस्तृत जानकारी के साथ पत्र भी भेजा जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं प्राणीशास्त्र के 50-50 पदों, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल के 25-25 पदों, कम्प्यूटर एप्लीकेशन के 15, वाणिज्य के 75, विधि के 10 पदों पर भर्ती के साथ ही क्रीड़ा अधिकारी के 25 पद तथा ग्रंथपाल के 50 पदों सहित कुल 700 पदों पर भर्ती की जाएगी। विभाग द्वारा इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, भर्ती नियम, श्रेणीवार पदों की संख्या, परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम तथा विज्ञापन प्रारूप भी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को प्रेषित कर दिया गया है। आयोग द्वारा आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात भर्ती संबंधी विज्ञापन जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इन पदों पर नियुक्ति से राज्य के शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ता मिलेगी तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए विभाग द्वारा प्रत्येक स्वीकृत पद के विरुद्ध अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक पदों के साथ-साथ ग्रंथपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों पर भी लागू है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की शैक्षणिक बाधा का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा नियुक्त अधिकांश अतिथि शिक्षक पीएच.डी. उपाधिधारी हैं तथा नेट एवं सेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाओं से योग्य हैं।

### नांदघाट-मुंगेली सड़क के लिए 112.89 करोड़ की निविदा मंजूर

**रायपुर, 14 मार्च।** राज्य शासन ने नांदघाट-मुंगेली सड़क के लिए 112 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दे दी है। निविदा स्वीकृति के बाद अब जल्दी ही 36.40 किमी लंबाई के इस सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम प्रारंभ हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के मुंगेली संभाग के कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए मापदंडों के अनुरूप सड़क का निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है। लोक निर्माण विभाग ने कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित कार्य का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री साय ने किया टीजेएसबी सहकारी बैंक की रायपुर शाखा का शुभारंभ

# सहकारिता से आर्थिक सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर, 14 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के कटोरा तालाब में टीजेएसबी सहकारी बैंक की रायपुर शाखा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर में टीजेएसबी सहकारी बैंक की नई शाखा खुलने से प्रदेश की सहकारी गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता की भावना हमें सिखाती है कि हम मिलजुलकर आगे बढ़ें और एक-दूसरे को मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने टीजेएसबी सहकारी बैंक की रायपुर शाखा में 24 घंटे संचालित एटीएम का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सहकारी बैंक हमेशा आम आदमी के सबसे भरोसेमंद साथी रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नई शाखा के खुलने से



जरूरतमंदों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ मिलेंगी। छोटे दुकानदारों, स्वरोजगार करने वालों और अपना काम शुरू करने वाले युवाओं को इससे बड़ी सहायता मिलेगी। इससे स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ÷सहकार से समृद्धि÷ का जो विजन देश में शुरू हुआ है, उसे छत्तीसगढ़ में भी तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी सहकारिता के इस मजबूत मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीजेएसबी बैंक ने एक छोटे से प्रयास के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी और आज इसका विस्तार कई राज्यों में हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीजेएसबी बैंक की रायपुर शाखा भी सहकारिता की इसी भावना को आगे बढ़ाएगी और लोगों के जीवन में आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता खोलेगी। इस अवसर पर टीजेएसबी बैंक के अध्यक्ष श्री शरद गांगल, उपाध्यक्ष श्री वैभव सिंगवी, व्यवस्थापकीय संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निखिल आरेकर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## खरोरा में महिला मोर्चा के कार्यक्रम में राज्य सभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा का जोरदार स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 14 मार्च।** खरोरा तिल्दा में महिला मोर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। जिला महिला मोर्चा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान के अलावा अनेक महिलाओं का सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्यातिथिः राज्य सभा की नव निर्वाचित बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री लक्ष्मी वर्मा का अभिनंदन किया गया जिसमें अनेक मंडल से महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष भी सम्मलित हुई श्री मति लक्ष्मी वर्मा उनका राजनीतिक सफर काफी प्रभावशाली रहा है। वे भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष और पार्टी प्रवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों के अलावा रायपुर जिला की जिला पंचायत अध्यक्ष रही है

लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि उन्हें केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ा अवसर दिया है और वे छत्तीसगढ़ के हितों को दिल्ली में मजबूती से रखने का प्रयास करेंगी। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करने की बात कही साथ ही होली पर्व पर सभी को बधाई दी इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा महामंत्री स्वाति वर्मा सहित बीजेपी के अन्य नेता ओर महिला मोर्चा तिल्दा नगर की अध्यक्ष रानी सौरभ जैन महामंत्री बेबी गोस्वामी सहित सभी मंडल से महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से जर्जर पुल के निर्माण की शुरुआत

**रायपुर, 14 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में सिंगीबहार से कछुआकानी मुख्य मार्ग पर स्थित जर्जर पुल के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। लंबे समय से पुल की जर्जर स्थिति के कारण क्षेत्र के लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर थे। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के संज्ञान में मामला आने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बताया गया है कि सिंगीबहारकछुआकानी मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जो छत्तीसगढ़ को पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओडिशा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। पुल के खराब होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया को जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निर्देश मिलते ही संबंधित विभाग ने स्थल पर पहुंचकर पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। पुल निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का अब समाधान होने जा रहा है।

## भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ की जल योद्धाओं की गूंजी आवाज

**रायपुर, १४ मार्च।** केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ की जल योद्धाओं ने अपनी आवाज बुलंद की। राज्य की दो महिलाओं, बिलासपुर नगर निगम की श्रीमती रुक्मिणी गोस्वामी और लोरमी की श्रीमती हेमलता खत्री ने केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की मौजूदगी में देशभर की 1000 अमृत मित्रों के साथ अपने कार्यों के अनुभव साझा किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के तहत शहरी जल प्रबंधन एवं सतत विकास में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करने इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ की 75 अमृत मित्र महिलाओं ने भागीदारी की। ये महिलाएं राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में वृक्षारोपण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल संरचना संचालन तथा सामुदायिक जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने विगत 11 मार्च को रायपुर रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर महिलाओं के इस दल को नई दिल्ली के लिए रवाना किया था।

## विद्यार्थियों ने देवभाषा संस्कृत पर भी अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 14 मार्च।** अंग्रेजी, विज्ञान व गणित सहित विभिन्न विषयों में अपनी मेधाविता का परचम लहराने वाले पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों ने देवभाषा संस्कृत पर भी अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में कक्षा दसवीं के तीन छात्राओ ने राज्य स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है।प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आज विद्यालय में प्राचार्य श्री जागेश्वर सिंह चंदेल जी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के संस्कृत व्याख्याता डॉ निरंजन ठाकुर के उत्कृष्ट कार्य एवं विद्यार्थियों के परिश्रम और सजगता का परिणाम है कि आज विद्यालय को यह गौरव प्राप्त हुआ है देवभाषा संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है, इसकी वैज्ञानिकता सर्वविदित है। विद्यार्थियों में इसकी गहन जानकारी और इस दिशा में इस प्रकार की प्रतिभागिता आवश्यक है। विद्यालय के प्राचार्य श्री जागेश्वर सिंह चंदेल व विद्यालय परिवार विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है विद्यालय परिवार की ओर से समस्त शिक्षकों को एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## ग्रीन इकोनॉमी के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

**रायपुर 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ देश की अर्थव्यवस्था का पावर इंजन है और अब हमारा राज्य ग्रीन इकोनॉमी के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका लगातार मजबूत कर रहा है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित दूसरे छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हरित सम्मेलन की उपयोगिता इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि इसके माध्यम से पॉलिसी मेकिंग से जुड़े लोग, उद्योग जगत, शैक्षणिक संस्थान, शोधकर्ता और पर्यावरणविद एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु संकट लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर केवल चिंतन ही न करें, बल्कि उन्हें व्यवहार में भी उतारें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार हमेशा से विरासत के साथ विकास की पक्षधर रही है। पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली हमारी हजारों वर्षों पुरानी परंपरा रही है और उसकी रक्षा के लिए सरकार नीतिगत स्तर पर लगातार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में स्टील उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है और इस क्षेत्र में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए ग्रीन स्टील जैसे नवाचारों को अपनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के अनुसार संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि के मामले में छत्तीसगढ़ ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार की नीतियों के साथ-साथ प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का परिणाम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में सोलर रूफटॉप योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऊर्जादाता बनाया जा रहा है और बायो-एथेनॉल जैसे क्षेत्रों में भी निवेश की व्यापक संभावनाएं उभर रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ÷एक पेड़ मां के नाम÷ जैसे अभियान चलाकर लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति में धरती को मां का दर्जा दिया गया है, इसलिए संसाधनों का उपयोग करते समय पर्यावरण और धरती के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ कागज के उपयोग में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जनजातीय बहुल राज्य है और लगभग 44 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। श्री साय ने बताया कि वनांचल में वृक्षों को सरना (देवता) के रूप में पूजा जाता है और सरना को राजस्व रिकॉर्ड में भी देवस्थल के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव और उसके संरक्षण का भाव जनजातीय समाज से सहज ही सीखा जा सकता है।

### सिंचाई योजना के लिए 48.92 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 14 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के विकासखण्ड-बिल्हा की खूंटाघाट जलाशय के ग्राम नेवसा उद्वहन सिंचाई योजना के कार्य के लिए 48 करोड़ 92 लाख 61 हजार रुपए स्वीकृत किए है। इस योजना से 1400 हेक्टेयर खरीफ एवं 400 हेक्टेयर रबी, कुल 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर पंप एवं पाईप लाईन के माध्यम से उद्वहन द्वारा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

### सिमगा सरपंच राहुल सिंह ठाकुर ने नितिन गडकरी को पत्र लिखा

**सिमगा 14 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पत्र में उत्कृष्ट ग्राम पंचायत बनसांकरा के सरपंच राहुल सिंह ठाकुर ने ह॥-130 (रायपुर-बिलासपुर) पर दरचूरा में हुई भीषण दुर्घटना के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षित यात्री प्रतीक्षालयों की मांग किया माननीय गडकरी जी, मैं राहुल सिंह ठाकुर, उत्कृष्ट ग्राम पंचायत बनसांकरा का सरपंच, आपका ध्यान एक अत्यंत दुखद और गंभीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। विगत दिनों ह॥-130 (रायपुर-बिलासपुर हाईवे) पर स्थित दरचूरा में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। सुरक्षित यात्री प्रतीक्षालयों के अभाव में एक यात्री बस सवारी भरने हेतु मुख्य मार्ग पर रुकी थी, जिसे पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदयविदारक हादसे में 4 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई और 15 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### माँ बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए व्यवस्था को सरल और सुगम बनाने के लिए की गई योजना तैयार

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चत करें : संभागायुक्त

**राजनांदगांव 14 मार्च।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों के संबंध में छिरपानी परिसर डोंगरगढ़ में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री बालाजी राव सोमावार, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्री दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। पुलिस महानिरीक्षक श्री बालाजी राव सोमावार ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं आयोजन समिति के समन्वय से नवरात्रि मेले को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने निगरानी,



सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि चैत्र नवरात्रि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, शौचालय तथा यातायात की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे तथा मंदिर परिसर, सीढ़ियों एवं मेला स्थल पर नियमित साफ-सफाई की जाए। उन्होंने बताया कि ऊपर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है तथा दर्शन की व्यवस्था को सरल और सुगम बनाने के लिए योजना तैयार की गई है। कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पार्किंग में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए किसी भी दुकान में प्लास्टिक थैली के उपयोग पर जब्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि ऊपर एवं नीचे मंदिर में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आवश्यक दवाइयों के साथ तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिले के 48 निजी चिकित्सालय भी नवरात्रि के दौरान चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। मेले की व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने रोपवे के फिटनेस सर्टिफिकेट, बैरिकेडिंग तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर, मेला स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे क्षेत्र की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात रहेगी, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने पदयात्रियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर संकेतक, रेडियम एवं अस्थायी गति अवरोधक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री एम भार्गव, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केसरी नंदन नायक, माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KHUSHBU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE निवासी 8/1983 VIKAS NAGAR GUDHIYARI, RAIPUR (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KHUSHBU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KHUSHBU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE से ही जाना पहचाना जाए।

KHUSHBU THAKRE
D/O NIRANJAN THAKRE
8/1983 VIKAS NAGAR
GUDHIYARI, RAIPUR (C.G.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
Email Id- sdmchhura@gmail.com

ई-कोर्ट.............
अ-2/वर्ष 2025-26
ग्राम- नवापारा प.ह.नं. 09
तहसील-छुरा,
जिला-गरियाबंद छ.ग.
छुरा, दिनांक 05.03.2026

## उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदिका प्रभातबेला पिता श्री तुलसीदास मरका निवासी ग्राम पिपरौल, पोस्ट सेन्दूर तहसील रामानुजगंज जिला बलरामपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवापारा, प.ह.नं. 09 तहसील-छुरा में स्थित अपनी भू-स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 413, 414 रकबा क्रमशः 1.00, 1.00 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन के लिए आवेदन-पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1, की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 20/03/26 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2026 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
छुरा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

# गौधाम योजना शुभारंभ समारोह
## एवं
# पशुपालक सम्मेलन

14 मार्च 2026

दोपहर 2:00 बजे

गौधाम लाखासार एवं
गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
प्रेक्षागार, बिलासपुर (छ.ग.)



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

वर्चुअल मोड में
राज्य के समस्त जिलों में शुभारंभ



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## निराश्रित, घुमन्तू तथा जब्त किए गए गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन

**₹05 लाख**
प्रति वर्ष अधोसंरचना निर्माण/मरम्मत के लिए

**₹47 हजार-2.85 लाख**
प्रति वर्ष (1-5 एकड़) चारा विकास के लिए

**₹13,126**
प्रति माह गौ सेवकों को मानदेय

**₹10,916**
प्रति माह चरवाहों को मानदेय

### अनुदान

**पोषण आहार**

- प्रथम वर्ष ₹10 प्रतिदिन/पशु
- द्वितीय वर्ष ₹20 प्रतिदिन/पशु
- तृतीय वर्ष ₹30 प्रतिदिन/पशु
- चतुर्थ वर्ष ₹35 प्रतिदिन/पशु

संवाद-47200/111

## संरक्षण भी, संवर्धन भी
### गौवंश के लिए समर्पित
# साय सरकार



**संचालन हेतु पात्र संस्थाएं –**
छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, एन.जी.ओ. (गैर-सरकारी संगठन), ट्रस्ट तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं सहकारी समिति

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26